# पीएस के सहायक अध्यापक नहीं आ सकेंगे कन्नौज, प्रधानाध्यापकों को मिला मौका

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- अंतर जनपदीय तबादले वाले जनपदों के रिक्त पदों की सूची हो रही वायरल
- 20 परिषदीय स्कूलों में महज एक-एक प्रधानाध्यापक को ही मिलेगा लाभ

**अमृत विचार।** अंतरजनपदीय तबादले के तहत शिक्षक-शिक्षिकाएं किस जनपद में जा सकेंगे और कहां से निकल सकेंगे इसकी सूची सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। कन्नौज जनपद के प्राथमिक स्कूलों में सहायक अध्यापक बाहर से नहीं आ सकेंगे, जबकि जाने वालों का आंकड़ा 337 है। इतना ही नहीं नगर क्षेत्र के 20 परिषदीय स्कूलों में महज 1-1 प्रधानाध्यापक ही आ और जा सकेंगे।

जनपद में 1459 परिषदीय स्कूल हैं। इसमें 1200 प्राथमिक और 259 जूनियर और कंपोजिट विद्यालय शामिल हैं। वायरल हो रही सूची में जनपद कन्नौज के ग्रामीण इलाकों के उच्च प्राथमिक स्कूलों 9 प्रधानाध्यापक बाहर से आ सकेंगे और इतने ही यहां से जा सकेंगे। यूपीएस के ही 67 सहायक अध्यापकों को भी यहां आने का मौका मिलेगा जबकि जाने वाले शिक्षकों की संख्या 118 है। नगर क्षेत्र के यूपीएस में प्रधानाध्यापक व सहायक अध्यापक न तो आएंगे और न ही जा सकेंगे। नगर के प्राथमिक स्कूल में एक प्रधानाध्यापक आ सकेंगे और एक ही यहां से जा सकेंगे। सहायक अध्यापक के लिए कोई विकल्प नहीं है। इसी तरह ग्रामीण इलाकों के प्राथमिक स्कूलों में 48 प्रधानाध्यापक दूसरे जनपदों से आ जाएंगे। इतने ही यहां से जा सकेंगे। हालांकि सहायक अध्यापक एक भी नहीं आएंगे, इसके लिए पद शून्य हैं। 337 शिक्षक-शिक्षिकाओं के जाने का विकल्प जरूर जारी हो गया है। बताया गया है कि जनपद कन्नौज से जो प्रधानाध्यापक और सहायक अध्यापक जाना चाहते हैं उनके लिए तो अच्छी बात है लेकिन आने वाले सहायक अध्यापकों के हाथ निराशा ही हाथ लगी है। हालांकि यूपीएस में दोनों तरह के पदों का विकल्प खुला है। इस बाबत बीएसए संदीप कुमार ने बताया कि उनको दूर शाम तक विभाग से इस तरह की कोई सूची प्राप्त नहीं हुई है। इसलिए सूची सही है या गलत कुछ भी कहना मुश्किल है।

## रिक्त पदों के जनपदों की सूची हो गई जारी

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- जनपद के बाहर स्थानांतरण के लिए 12 जून तक होंगे ऑनलाइन आवेदन
- डीएम की अध्यक्षता में बनेगी कुल 4 अधिकारियों की कमेटी

**अमृत विचार।** कई सालों से जनपद के बाहर सामान्य तबादले की आस लगाए शिक्षक-शिक्षिकाओं के लिए काम की खबर है। छात्र-शिक्षक अनुपात के बाद रिक्त पदों के जनपदों की सूची शुक्रवार को जारी हो गई। 9 से 12 जून तक ऑनलाइल आवेदन होंगे। डीएम की अध्यक्षता में कुल 4 अधिकारियों की कमेटी बनेगी।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संदीप कुमार ने बताया कि शैक्षिक सत्र 2025-26 के लिए बेसिक शिक्षा परिषद के अधीन संचालित स्कूलों में तैनात शिक्षक-शिक्षिकाओं के अंतरजनपदीय तबादले की टाइम लाइन जारी हो गई है। उन्होंने बताया कि तबादले के लिए कमेटी में डीएम अध्यक्ष, सीडीओ व डायट प्राचार्य सदस्य और बीएसए सदस्य सचिव होंगे। निशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 के तहत छात्र-शिक्षक अनुपात पूर्ण करने के लिए अंतरजनपदीय तबादले आवश्यकता से अधिक अध्यापक वाले जिलों से अध्यापक की जरूरत वाले जिलों में किया जाएगा। बेसिक शिक्षा परिषद के सचिव सुरेंद्र तिवारी की ओर से जारी समय सारिणी में बताया गया है कि शिक्षक-शिक्षिकाएं 9 से 12 जून तक ऑनलाइन आवेदन करेंगे और उसकी कॉपी 13 जून तक संबंधित बीएसए कार्यालय में जमा करनी होगी। 14 जून को बीएसए ऑनलाइन सत्यापन एवं डॉटा लॉक करने की प्रक्रिया पूरी करेंगे। 16 जून स्थानांतरण की सूची जारी कर अध्यापकों को कार्यमुक्त किया जाएगा। ग्रामीण संवर्ग के गांव और नगर क्षेत्र के अध्यापकों के तबादले शहरी इलाके में होंगे।

# मेधावी अनुराधा व अभय को मिलेंगे 1-1 लाख रुपये

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- लखनऊ में यूपी बोर्ड, संस्कृत शिक्षा परिषद, सीबीएसई समेत 4 तरह के बोर्ड के मेधावियों का होगा सम्मान
- जिले स्तर पर भी 10वीं व 12वीं उत्तीर्ण 23 विद्यार्थियों को 21-21 हजार की चेक व टैबलेट का तोहफा मिलेगा

**अमृत विचार।** लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मौजूदगी में जल्द ही माध्यमिक शिक्षा परिषद प्रयागराज (यूपी बोर्ड), संस्कृत शिक्षा परिषद, सीबीएसई व काउंसिल फॉर दि इंडियन स्कूल सर्टीफिकेट्स इग्जामिशन के हाईस्कूल व इंटरमीडिएट के मेधावियों का सम्मान होगा। जनपद की अनुराधा राजपूत व अभय दीक्षित को 1-1 लाख रुपये की चेक, टैबलेट दिया जाएगा। जिलेस्तर पर यूपी बोर्ड के 23 मेधावियों को 21-21 हजार रुपये, टैबलेट का तोहफा जल्द मिलेगा। इसके लिए बजट आ गया है। जल्द ही कार्यक्रम की तारीख घोषित होगी।

इसको लेकर माध्यमिक शिक्षा निदेशक डॉ. महेंद्र नाथ ने पत्र भेजा है। डीआईओएस कार्यालय के मुताबिक वर्ष 2024-25 में उत्तीर्ण राज्य स्तर पर कन्नौज जनपद से दो मेधावियों का चयन किया गया है। इसमें एक इंटर व दूसरा हाईस्कूल का है। सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, तिर्वा से इंटरमीडिएट पास करने वाली छात्रा अनुराधा राजपूत के 500 में से 476 अंक आए। कुल प्राप्तांक प्रतिशत 95.20 हैं। इसी तरह संस्कृत बोर्ड में 90.28 फीसदी अंकों के साथ राधा देवी आदर्श संस्कृत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गुरसहायगंज से कक्षा 10 पास करने वाले अभय दीक्षित का भी लखनऊ में सम्मान होगा। अभय के 700 में 632 अंक आए हैं।

बताया गया है कि एक-एक टैबलेट, प्रशस्ति पत्र व मेडल सभी मेधावियों को दिया जाएगा। लोक भवन लखनऊ में आयोजित होने वाले कार्यक्रम में मेधावियों के साथ में एक-एक अभिभावक भी जाएंगे। जिला स्तर पर माध्यमिक शिक्षा परिषद प्रयागराज के ही मेधावी शामिल होंगे। कार्यक्रम में प्रभारी मंत्री रजनी तिवारी शामिल होंगी। राज्य व जिलास्तर के कार्यक्रमों का समय शासन से जल्द ही तय किया जाएगा। बताया गया है कि मेधावियों के लिए बजट आ चुका है संबंधित विद्यार्थियों का बैंक खाता का ब्योरा आदि भी फीड हो चुका है।

### 9 मेधावी इंटर पास जिसमें एक छात्र, बाकी छात्राएं

- कक्षा 12 पास 9 मेधावियों का जिलास्तर पर सम्मान किया जाएगा जिसमें एक छात्र व 8 छात्राएं शामिल हैं। सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज तिर्वा से अंजली राजपूत, गरिमा, अक्षिता सिंह, दिव्या राजपूत, अमन कुमार, आकांक्षा पाल, भगवान गौतम बुद्ध इंटर कॉलेज रूपपुर खड़िनी से ऋषि कुमारी, मालती देवी मेमोरियल पब्लिक स्कूल इंटर कॉलेज तिर्वा की छात्रा छाया राजपूत व विशाखा का नाम सूची में है।

### हाईस्कूल के 14 मेधावी सूची में आए

- टॉपटेन सूची में जिले के अंदर कक्षा 10 के 14 मेधावी आए हैं जिसमें सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज तिर्वा के हरेंद्र राजपूत, निखिल सिंह, कृति यादव, निधि राजपूत, निशा, आकाश, हर्ष कुमार, प्रांजल, प्रतीक राजपूत, वर्षा शामिल हैं। इसके अलावा माया देवी इंटर कॉलेज शिवाजीनगर सरायमीरा से अंशिका व शक्ति पाल, कन्हैयालाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज मकरंदनगर के शिवकुमार मिश्र व बिट्टी देवी इंटर कॉलेज उदैतापुर से पूर्णिका पाठक का नाम आया है।

## सार-संक्षेप

### विद्यार्थियों ने समर कैंप में सीखा हस्त कौशल

**कन्नौज।** उमर्दा के राजकीय इंटर कॉलेज में समर कैंप के 17वां दिन प्रार्थना सभा, योग व व्यायाम के साथ शुरू हुआ। द्वितीय कार्य योजना में छात्र-छात्राओं को सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग न करने की जानकारी दी गई। पर्यावरण पर सबकी जिम्मेदारी बताई गई। प्रधानाचार्य नीतू गुप्ता की पहल पर विद्यालय को प्लास्टिक फ्री जोन घोषित किया गया। इसी तरह विद्यार्थियों को अपने घर और गांव को भी प्लास्टिक मुक्त बनाने के लिए जागरुकता अभियान चलाने को कहा गया। विद्यार्थियों ने सिलाई एवं परिधान रचना के माध्यम से कपड़े व जूट बैग, कागज के लिफाफे आदि से हस्त कौशल को भी सीखा। इस अवसर पर वरिष्ठ प्रवक्ता महेश सिंह यादव व अंजेश दीक्षित मौजूद रहे।



जीआईसी उमर्दा में सिलाई करतीं छात्राएं।

### कागज तथा जूट से बैग बनाकर बच्चों ने दिखाया कौशल

**छिबरामऊ।** हीरालाल वी एन इंटर कॉलेज में आयोजित समर कैंप में कागज व जूट से बैग बनाकर कौशल दिखाया। प्रधानाचार्य राधावल्लभ मिश्र के नेतृत्व व समर कैंप प्रभारी मेजर संदीप कुमार माधव के कुशल निर्देशन में चल रहे कैंप में शुक्रवार को योग शिक्षक श्याम सिंह यादव और वेदिका ने योग का प्रशिक्षण दिया। स्काउट मास्टर सत्य पाल सिंह ने सिंगल-यूज प्लास्टिक का उपयोग न करने का संकल्प दिलाया। इस अवसर पर बच्चों ने कागज और जूट से बैग बनाकर अपनी रचनात्मक कौशल का प्रदर्शन किया। मेजर संदीप कुमार माधव के मार्गदर्शन में छात्र छात्राओं ने विभिन्न करियर विकल्पों पर आधारित एक गतिविधि का प्रदर्शन भी किया। इस दौरान मुकेश कुमार सिंह चौहान, श्री नारायण गुप्ता, विवेक दीक्षित, शैलेंद्र कुमार शुक्ला के साथ कुल 110 बच्चे मौजूद रहे।

### चार लोगों ने दो को मारपीट कर किया घायल

**तिर्वा।** गाली गलौज का विरोध करने पर चार लोगो ने दो लोगो को मारपीट कर घायल कर दिया। कोतवाली के सतौरा गांव निवासी सत्तार अली पुत्र हिकमत अली ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि 29 मई को दरवाजे पर रहमत अली व पड़ोसी शाहरूख बैठकर बात कर रहा था। उसी दौरान गांव के के जैनुद्दीन, बबलू, सैनूद्दीन, जान आलम आए और गालीगलौज करने लगे। जब विरोध किया तो मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### रंजिश को लेकर युवक को पीटा, रिपोर्ट दर्ज

**गुरसहायगंज।** रंजिश को लेकर आरोपियों ने युवक के साथ गालीगलौज करते हुए उसे मारपीट कर घायल कर दिया और धमकी दी। इस पर पीड़ित युवक ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई है। ग्राम तिगड़ा निवासी उत्तम चंद्र पुत्र गोविंद सिंह ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि 04 जून की शाम 08 बजे गांव के ही विजय, मनोज उर्फ रंजन और जानकी ने पुरानी रंजिश को लेकर धर्मेंद्र के दरवाजे पर उसके साथ गाली गलौज की। जब उसने इस बात का विरोध किया तो उसे लाठी डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया और धमकी दी।

### गाली-गलौज कर की मारपीट

**गुरसहायगंज।** ग्राम नौसरा निवासी अरविंद कुमार पुत्र गयादीन ने पुलिस को बताया है कि वह 02 जून की सुबह 11 बजे गांव के तिलक राम के साथ सुलनपुर में रामसेवक यादव के बाग में गया था। तभी गांव के ही रामू ने उसके पास आकर उसके साथ गाली गलौज की थी। इसके बाद वह अपने घर चला आया। जहां रामू और उसके साथी सुनील, प्रिंस और विकास ने दरवाजे पर आकर उसके साथ गाली गलौज व मारपीट की। कोतवाली पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है

### सतर्कता को लेकर नोडल अधिकारी ने देखे गोआश्रय स्थल

**कन्नौज।** निराश्रित गोवंश संरक्षण एवं ईद-उल-जुहा (बकरीद) को लेकर गो-आश्रय व अन्य स्थलों पर गोवंशों की सुरक्षा व सतर्कता के लिए शासन से नामित जनपद के नोडल अधिकारी ने निरीक्षण किया। नोडल अधिकारी डॉ. पंकज पांडेय ने शुक्रवार को सीडीओ राम कृपाल चौधरी से भेंट की। इसके बाद अनौगी में गो-पूजन कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। पुरसा, गंगागंज गुरौली, नगर पालिका परिषद गुरसहायगंज, रतनपुर, कान्हा गोशाला सिकंदरपुर, सकरावा, शंकरपुर, जरिहापुर, कुंवरपुर काशीदीनपुर, ठठिया, रामपुर मझिला एवं बेहरिन के गो-आश्रय स्थलों का निरीक्षण किया। बेहरिन में ग्राम पंचायत सचिव को साफ-सफाई बेहतर रखने के निर्देश दिए। गो आश्रय स्थल गंगागंज गुरौली में पौधरोपण एवं पुरसा कैंपस में ही उगाई गई नैपियर घास को देखकर नोडल अधिकारी ने प्रसन्नता व्यक्त की। भरण पोषण के लिए मई तक का डीबीटी से भुगतान के लिए पत्राचार किया गया है। रात के लिए भी केयर टेकरों की नियुक्ति करने को कहा गया। जनपद को शासन से आंवटित भूसा संग्रहण लक्ष्य 70,000 क्विंटल की शत-प्रतिशत पूर्ति कर ली गई है।


नगर का निरीक्षण करतीं रश्मि सिंह। अमृत विचार

### सहायक निदेशक ने किया स्थलीय निरीक्षण

**छिबरामऊ।** सहायक निदेशक नगरीय निदेशालय लखनऊ, रश्मि सिंह ने नगर पालिका क्षेत्र में स्वच्छता और त्योहार की तैयारियों को सुनिश्चित करने के लिए स्थलीय निरीक्षण करके आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने वर्षा ऋतु को ध्यान में रखते हुए नाला सफाई, आगामी ईद-उल-अजहा त्योहार, एमआरएफ सेंटर, और ईदगाह से संबंधित कार्यवाहियों का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष मनोज दुबे, अधिशासी अधिकारी सुनील कुमार, सफाई निरीक्षक अमरदीप, प्रवेश कुमार सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

# बेरहम माता-पिता ने बच्चे को पटक कर मार डाला

## मृतक की दादी की शिकायत पर पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेजा

संवाददाता छिबरामऊ

**अमृत विचार।** मोहल्ला गोपाल नगर निवासी रिश्तेदारी में माता-पिता के साथ घूमने आए 2 वर्षीय मासूम को उसके ही बेरहम माता-पिता ने जमीन पर पटक दिया। हालत गंभीर होने पर उसे सौ शैय्या से तिर्वा मेडिकल कॉलेज तथा वहां से हैलट के लिए रेफर कर दिया गया। वहां ले जाते समय उसकी मौत हो गई। मृतक बच्चे की दादी ने मामले की शिकायत पुलिस से की है।


समर।


घटना की जानकारी देते बच्चे के परिजन। अमृत विचार

कानपुर के सचेंडी थाना क्षेत्र निवासी गीता गिहार पत्नी मुन्नू गिहार ने बताया कि पुत्र पवन गिहार का विवाह 4 वर्ष पूर्व पतरा घाटमपुर निवासी रोहिनी गिहार के साथ हुआ था। लगभग 2 वर्ष बाद पवन की मौत हो गई। वह अपने 1 वर्ष के पुत्र समर को छोड़ गया। रोहिनी ने कुछ समय बाद दूसरा विवाह बिल्हौर थाना क्षेत्र के बलहू खजुरी निवासी मोनू गिहार के साथ कर लिया। दंपति पुत्र के साथ कुछ दिन पूर्व नगर के मोहल्ला गोपाल नगर निवासी अपनी बहन के घर आए थे। यहां किसी बात को लेकर समर ने रोना शुरू कर दिया, जिस पर पति-पत्नी ने उसे उठाकर जमीन पर पटक दिया, जिससे उसकी हालत बिगड़ गई। हालत गंभीर होने पर उसे सौ शैय्या से तिर्वा तथा तिर्वा से हैलट के लिए रेफर कर दिया गया। वहां ले जाते रास्ते मे ही उसकी मौत हो गई। इस मामले में मृतक बच्चे की दादी ने पोते के शव को साथ लेकर छिबरामऊ कोतवाली में शिकायत की, जिस पर पुलिस ने पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं पुलिस का कहना है कि बच्चे की मौत छत से गिरने से हुई है। जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

## किसान को बंधक बनाकर मारपीट भैंस लूट ले गए

**छिबरामऊ।** बदमाशों ने गुरुवार की रात एक बुजुर्ग किसान पर हमला बोल दिया। मारपीट कर उसकी भैंस को पिकअप में लाद लिया और उसे भी बैठा लिया। इसके बाद कुछ दूर जाकर उसे फेंक दिया और भैंस लेकर चले गए।

ग्राम पंचायत महमूदपुर खास निवासी 70 वर्षीय मुन्नालाल बाथम पुत्र नौबत बाथम ने बताया कि छिबरामऊ विशुनगढ़ रोड स्थित पुलिया के पास वह किराने की दुकान रखे है। साथ ही वह मवेशी पालन भी करता है। बताया, गुरुवार की रात्रि लगभग 1:30 बजे 4 बदमाशों ने उस पर हमला कर घायल कर दिया। जान से मारने की धमकी देकर उसकी भैंस सहित उसको पिकअप गाड़ी में बैठा कर ले गए। रास्ते में नादनपुर बंबा पुलिया के पास उसे धमका कर फेंक कर चले गए। पीड़ित ने बताया कि 7 बदमाश थे, चार ने उनके ऊपर हमला किया और बाकी तीन गाड़ी के पास खड़े थे। पीड़ित का कहना है कि वह दो महीने पहले 1 लाख 30 हजार रुपये की भैंस खरीद कर लाया था। पीड़ित ने घटना की जानकारी पुलिस को दी है।

### सुबह 7 बजे पढ़ी जाएगी ईद उल अजहा की नमाज

**छिबरामऊ।** शनिवार की सुबह 7 बजे ईदगाह में ईद उल अजहा की नमाज पढ़ी जाएगी। इसके बाद 7:30 बजे नगर की जामा मस्जिद और अन्य मस्जिदों में नमाज अदा कराई जाएगी। ईद-उल-अजहा हजरत इब्राहीम की भक्ति और त्याग की याद में मनाया जाता है, क्योंकि उन्होंने अल्लाह के हुक्म पर अपने बेटे की कुर्बानी देने के लिए खुद को तैयार कर लिया था।


विरोध प्रदर्शन करते अधिवक्ता। अमृत विचार

## मुकदमा वापसी की मांग को लेकर किया प्रदर्शन

संवाददाता, छिबरामऊ

**अमृत विचार।** बार एसोसिएशन के अध्यक्ष व महासचिव के नेतृत्व में अधिवक्ताओं ने न्यायिक कार्य से विरत रहकर जिला प्रशासन के विरुद्ध नारेबाजी की।

बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अरविन्द कुमार सिंह राठौर ने कहा कि यदि दो दिन के अन्दर सकारात्मक निर्णय न लिया गया तो 9 जून सोमवार से अधिवक्ता उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। विदित हो कि दो माह पूर्व पूर्व उपजिलाधिकारी न्यायिक ने बार के अधिवक्ताओं के साथ तनाव पूर्ण स्थिति उत्पन्न होने पर दो अधिवक्ताओं पर प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इसके बाद अधिवक्ताओं ने हड़ताल की गई थी। इस पर जनपद एवं सत्र न्यायाधीश ने आपस में सामंजस्य स्थापित कर प्रशासनिक अधिकारी से वार्ता करने के उपरांत प्रकरण को समाप्त कराने का आश्वासन दिया था। इसके बाद अधिवक्ताओं ने हड़ताल व आंदोलन को स्थगित कर प्रशासनिक अधिकारियों से कई चरण में कन्नौज जाकर लगातार वार्ता की। इसके बाद भी प्रशासनिक अधिकारियों ने प्रकरण को समाप्त नही कराया। वकीलों में रोष है।

## दुकान हड़पने को की फायरिंग व पथराव

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

- मानपुर वाई पास के निकट एक दुकान का मामला

**अमृत विचार।** मानपुर बाईपास पर दुकान को हड़पने की नीयत से एक होटल के मालिक समेत परिजनों ने तमंचों से फायरिंग व पथराव किया। दुकानदार पर हमला कर उसे जान से मारदेने की धमकी दी गई। मामले में सात नामजद समेत 10-15 अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। पुलिस ने पांच आरोपियों को मौके से गिरफ्तार कर लिया है।

सदर कोतवाली के गांव मानपुर निवासी शानू कटियार पुत्र राजेश कटियार ने सदर कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है। आरोप लगाया है कि मानपुर बाईपास पर आटो पार्टस की दुकान है। दुकान के पास होटल न्यू कन्नौज का मालिक राजा पुत्र इकबाल उसका भाई हसीबुल, शाहिल, मुशीर पुत्र मसूद, शोएव पुत्र एजाज, इंतजार पुत्र स्तफाक, महफूज पुत्र निन्नी के अलावा 10-15 अज्ञात लोग निवासीगण सदर कोतवाली के गांव अहमदपुर रौनी अपने हाथों में नाजायज असलहा लेकर 05 जून की रात 08 बजे आये। वह दुकान पर बैठा था। पूर्व की रंजिश के चलते गाली गलौज करते हुए दुकान में घुस कर मारपीट करने लगे। उक्त लोग उसकी दुकान को हडपने के लिये खाली कराने का प्रयास करने लगे। दुकान से सामान बाहर फेकने लगे। उसके सिर पर तमंचा लगा कर जान से मारदेने की धमकी दी। शोर सुनकर परिजन व आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और ललकारा तो उक्त लोग जान से मार देने की धमकी देते हुए फायरिंग व पथराव करते हुए भाग गये। इससे उसके चोट आई। पुलिस जांच कर रही है।

समीक्षा — डीएम ने कहा अवैध रूप से संचालित अस्पतालों पर करें कार्रवाई

# निजी अस्पतालों के निरीक्षण में न बरतें लापरवाही

संवाददाता कन्नौज

**अमृत विचार।** कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में आयुष्मान कार्ड योजना, यू-विन पोर्टल के प्रभावी क्रियान्वयन व निजी अस्पतालों के निरीक्षण की समीक्षा की गई। इस दौरान जिलाधिकारी ने निजी अस्पतालों के निरीक्षण में लापरवाही न बरतने व अवैध अस्पतालों पर कार्रवाई के निर्देश दिए।



बैठक लेते डीएम आशुतोष मोहन अग्निहोत्री। अमृत विचार

जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री की अध्यक्षता में बैठक में निर्देश दिये कि जिले में 84 निजी अस्पतालों के सापेक्ष 58 अस्पतालों का निरीक्षण किया जा सका है। इसमें सुविधाओं, स्वच्छता, चिकित्सीय व्यवस्था, लाईसेंस एवं निर्धारित मानकों के अनुरूप संचालन की स्थिति का गहन जांच के बाद रिपोर्ट उपलब्ध करायी गई। दो अस्पतालों को सीज किया जा चुका हैं, शेष का निरीक्षण कर रिपोर्ट उपलब्ध कराने को कहा। निर्देश दिये कि मरीजों के हितो में कोई भी समझौता न किया जाए। आम जनता के साथ किसी भी प्रकार का धोखा व घपला करने वालो पर कार्रवाई की जाये। उन्होंने 48,537 लक्ष्य के सापेक्ष 11,554 वरिष्ठ नागरिकों के कम संख्या में आयुष्मान कार्ड बनाये जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि कछुए जैसी चाल चलने वाली प्रवृत्ति को छोड़े। कहा, यू विन पोर्टल डिजिटल प्रणाली स्वास्थ्य सेवाओं की पारदर्शिता और दक्षता बढ़ाने में सहायक है, इसके संचालन में किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाए। डिलीवरी एवं टीकाकरण से जुड़े सभी लाभार्थियों का डेटा पोर्टल पर समयबद्ध रूप से अपलोड किया जाए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी रामकृपाल चौधरी, सीएमओ डा. स्वदेश गुप्ता, जिला विकास अधिकारी नरेन्द्र देव द्विवेदी सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

**सूचना**
मेरे पांच पुत्र क्रमशः प्रदीप कुमार, पिकू उर्फ आलोक, लालजी, रिंकू, शनि उर्फ सुमित हैं। जिनमें शनि उर्फ सुमित का चाल चलन ठीक नहीं है। वह अपराधिक प्रवृति का व्यक्ति है और हम लोगों से अलग रहता है। उसके गलत आचरण एवं चाल चलन के चलते मैंने व मेरे सभी पुत्रों ने उससे संबंध विच्छेद कर लिये हैं। मैंने उसे समस्त चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। उसके किसी भी कृत्य या लेन देन से मेरा व मेरे परिवार का कोई वास्ता या सरोकार नहीं होगा। वह स्वयं जिम्मेदार होगा- **मुन्नी देवी पत्नी राम आसरे, निवासी- बरौनाकलां, थाना -ऐरवाकटरा, तहसील -बिधूना, औरैया।**

**सूचना**
सूचित हो कि मेरे पुत्र SURENDRA KUMAR JC 675289M, Rank SUB/SKT के सर्विस रिकार्ड में मेरा नाम KUSHMA DEVI एवं जन्मतिथि 01.07.1962 दर्ज है। जो कि गलत है। जबकि मेरा सही नाम KUSUMA DEVI एवं सही जन्मतिथि 02.11.1961 है जो कि मेरे आधार कार्ड एवं पैन कार्ड में भी अंकित है। KUSHMA DEVI एव KUSUMA DEVI दोनों मेरे ही नाम हैं। **कुसमा देवी पत्नी स्व0 अर्जुन निवासी-ई-1/750, विनय खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ**

**सूचना**
मेरी एल आई सी पालिसी नंबर 276750937 में मेरा घरेलू नाम श्रीमती पत्नी राम सजीवन दर्ज है, जबकि आधार आदि अभिलेखों के अनुसार मेरा सही नाम **निशा पत्नी राम सजीवन नि0- ग्राम जगतपुर भिचकौरा पो0 बेहटा कला जिला रायबरेली** है।

**सूचना**
मैंने अपने पुत्र अभिनव वर्मा उर्फ साजन पुत्र शशि कुमार से सभी प्रकार के संबंध समाप्त कर लिया है और उसे अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। अब मेरा उससे कोई वास्ता सरोकार नहीं है। अपने द्वारा किए गए कार्यो का वह स्वयं जिम्मेदार होगा। **शशि कुमार पुत्र बाबूलाल निवासी गौवनहा थाना खीरों जिवरायबरेली।**

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं **अफरीन बानो पत्नी मो. आसिफ कुरैशी सुल्तानपुर रोड, इस्लामिया कालेज, राही जिला रायबरेली** का निवासी हूं। मेरी पुत्री के आधार कार्ड में शहनूर बानो लिखा है, जो गलत है। उसके जन्म प्रमाण पत्र में अनम कुरैशी लिखा हुआ है, जो कि सही है। अतः मेरी पुत्री के आधार कार्ड में शहनूर बानो के बजाय अनम कुरैशी किया जाए, जो कि सही है।

**सूचना**
मेरे सभी दस्तावेज में मेरा नाम जकाउल्लाह खान है, जबकि मेरी एलआईसी पॉलिसी नंबर-277234849 में गलती से जफरुल्लाह खान हो गया है, जबकि जफरुल्लाह खान और जकाउल्लाह खान एक ही आदमी हैं। मेरा सही नाम जकाउल्लाह खान ही है, भविष्य में मुझे जकाउल्लाह खान के नाम से जाना-पहचाना जाए। - **जकाउल्लाह खान पुत्र ऐजाज मोहम्मद खां, निवासी सिपहिया कोटवा, फैज़ाबाद, उ.प्र.।**

**सूचना**
मैं **मकबूल अहमद उम्र 54 वर्ष पुत्र हबीब अहमद निवासी-ग्राम हुनहुना परगना बसौढी तहसील रुदौली जिला अयोध्या उ.प्र.** का मूल निवासी हूँ। मेरी पांच संतान क्रमशः मंसूर भट्ट, मासूम महफूज पुत्रगण मकबूल अहमद व साबरीन (तलाक शुदा) आफरीन अविवाहित है। मंसूर भटट की शादी हो चुकी है। अन्य पुत्र-पुत्रियों की शादी और परिवार की जिम्मेदारी मेरे ऊपर है। मैं अक्सर बीमार रहता हूँ, परिवार की आय का कोई साधन नहीं है। इस समय मेरे पुत्र मंसूर भट्ट व बहू सुरैया मेरे कहने-सुनने में नहीं हैं। उनका चाल-चलन भी ठीक नहीं है। आये दिन नाजायज काम करते हैं। दोनों मुझसे कोई वास्ता व सरोकार नहीं रखते और असामाजिक तत्वों के बहकावे में आकर मुझको बहुत तंग कर रहे हैं। मैं अपने पुत्र मंसूर भट्ट व बहू सुरैया को अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर इनसे हर प्रकार के सम्बंध समाप्त कर रहा हूँ। इनके द्वारा जो भी लेन-देन, कृत्य अब या भविष्य में किया जाता है तो मेरी कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

**सूचना**
जन साधरण को सूचित किया जाता है की नीरू बरूआ एवं रत्ना बरूआ एक ही महिला का नाम है। इनका आधार कार्ड रत्ना बरुआ के नाम पर बना है। **पता - बी/9 गेट न0 08 राज भवन परिसर उ0प्र0 लखनऊ, मो0- 9125744069**



नारायना हॉस्पिटल (इकाई नारायना मेडिकल कॉलेज) गंगागंज, पनकी कानपुर
सुपर स्पेशियालिटी - 1050 बेड सुसज्जित अस्पताल
अत्याधुनिक मशीनों द्वारा सुसज्जित एवं अनुभवी चिकित्सकों के द्वारा परामर्श की सुविधा उपलब्ध है।
यह योजना प्रथम दो हजार मरीज़ो के लिए मान्य होगी। जल्द ही रजिस्ट्रेशन सुनिश्चित करें।
निःशुल्क ऑपरेशन शिविर
20 मई 2025 से 15 जून 2025 तक
जनरल मेडिसिन विभाग | चर्म रोग विभाग | नेत्र रोग विभाग | दाँत रोग विभाग | मानसिक रोग विभाग | जनरल सर्जरी विभाग
स्त्री रोग विभाग | हड्डी एवं जोड़ रोग विभाग | टी. बी. चेस्ट विभाग | नाक, कान व गला विभाग | नवजात शिशु व बाल रोग विभाग
- आँखों का ऑपरेशन (सफेद और काला मोतियाबिंद)
- डिलीवरी (नॉर्मल एवं ऑपरेशन विधि द्वारा)
- पित्त की थैली का ऑपरेशन (ओपेन एवं दूरबीन विधि द्वारा)
- नाक, कान एवं गला (कान के पर्दे का ऑपरेशन, टेढी नाक, टॉन्सिल्स)
- हड्डी का उपचार एवं सभी प्रकार के ऑपरेशन निःशुल्क
खून की जाँचों पर 65 प्रतिशत तक की छूट, सिर्फ दवाई, इम्प्लान्ट और जाँचों पर इलाज पायें। अन्य कोई चार्ज नहीं।
24 घंटे इमरजेन्सी एवं एम्बुलेन्स की सुविधा उपलब्ध
Mob.:7800007704, 7800007705, 9918601150
www.narainamedicalcollege.com
Email: nhrc@narainagroup.net

**आज का मौसम**

शनिवार को धूप निकलने के साथ गर्मी बढ़ने के आसार हैं। तापमान में बढ़ोतरी जारी रहेगी।

| | |
|---|---|
| 38.0° अधिकतम तापमान | 28.0° न्यूनतम तापमान |
| सूर्योदय 05:16 | सूर्यास्त 07:00 |

अनुराग हेल्थ केयर प्रा.लि.
•ICU •NICU DIALYSIS •MODULAR OT
दूरबीन विधि से आपरेशन अब कम खर्च में
सीजीएचएस, मेडीक्लेम व आयुष्मान कार्ड मान्य
117/क्यू/702, शारदा नगर, कानपुर
9889538233, 7880306999

## मेडिकल कॉलेज के पास पहले से थे आठ करोड़, शासन की ओर से 4 करोड़ और जारी

# कार्डियोलॉजी में कैथ लैब के लिए जारी हुआ बजट

- निर्माण निगम को दिए गए बनाने के निर्देश
- जल्द ही कैथ लैब का निर्माण करा लिया जाएगा

संवाददाता तिर्वा

**अमृत विचार।** हृदय रोगियो के इलाज के लिए तैयार खड़े कार्डियोलॉजी भवन में जल्द ही कैथ लैब का निर्माण करा लिया जाएगा। इसके साथ ही मेडिकल कॉलेज प्रशासन इसको हस्तगत कर लेगा। लैब निर्माण को लेकर आठ करोड़ पहले से थे और शासन की तरफ से चार करोड़ का बजट और जारी कर निर्माण के निर्देश दिए गए हैं।

मेडिकल कालेज परिसर में करीब सात साल से कार्डियोलॉजी भवन तैयार खड़ा है लेकिन यहां कैथ लैब का निर्माण नहीं हुआ है। इस कारण कॉलेज प्रशासन ने उसे अभी तक हस्तांतरण नहीं लिया है। प्राचार्य डॉ. सीपी पाल ने कार्डियोलॉजी शुरू कराने के साथ भवन में कैथलैब बनवाए जाने की मांग को लेकर शासन को प्रस्ताव भेजा था। शासन ने प्रस्ताव को मंजूरी के साथ बजट भी दे दिया है। प्राचार्य ने बताया कि कार्डियोलॉजी भवन में निर्माण निगम के द्वारा कैथ लैब नहीं बनवाई गई थी। इसके बगैर कार्डियोलॉजी शुरू नहीं हो सकता था। इसलिए शासन से इस संदर्भ में मांग की गई थी। शासन ने राजकीय निर्माण निगम को कैथ लैब बनाने के निर्देश दिए है। पहले से लैब बनवाने के लिए आठ करोड़ पड़े थे। शासन ने चार करोड़ रुपये और जारी किए हैं। लैब करीब आठ करोड़ रुपये से ही बन जाएगी। शेष बजट शासन को वापस कर दिया जाएगा। जल्द ही निर्माण के लिए टेंडर किया जाएगा। कैथ लैब बन जाने के बाद उसे हैंडओवर लेकर चालू कराने की प्रक्रिया शुरू कराई जाएगी।



कार्डियोलॉजी का तैयार भवन। अमृत विचार

### कैथ लैब क्या है

कार्डियक कैथीटेराइजेशन प्रयोगशाला या कार्डिएक कैथ लैब अस्पताल में एक विशेष जगह है जहाँ हृदय और रक्त वाहिकाओं की स्थितियों का निदान और उपचार न्यूनतम आक्रामक तरीकों से किया जाता है। यह एक परीक्षा कक्ष है जिसमें डायग्नोस्टिक इमेजिंग उपकरण होते हैं, जिनका उपयोग हृदय की धमनियों और कक्षों को देखने और किसी भी प्रकार की असामान्यता या स्टेनोसिस का इलाज करने के लिए किया जाता है। कैथ लैब में, डॉक्टर कैथेटर नामक पतली, लचीली नलियों का उपयोग करके हृदय और रक्त वाहिकाओं तक पहुँचते हैं। कैथेटर का उपयोग एंजियोग्राम, एंजियोप्लास्टी, और स्टेंट लगाने जैसी प्रक्रियाओं में किया जाता है। कैथ लैब में, रोगी आमतौर पर जागते रहते हैं और उनकी स्थिति पर निगरानी रखी जाती है।

# पालिका की अनदेखी से दिन भर जलतीं स्ट्रीट लाइटें, बिजली की हो रही बर्बादी

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

**अमृत विचार।** राष्ट्र हित में बिजली बचायें का स्लोगन महज दिखावा बन गया है। सरायमीरा से पाल चौराहा तक व सरायमीरा से मकरंदनगर रोडों पर लगी स्ट्रीट लाइटें दिन में भी जलतीं हैं। इससे बिजली की बरबादी हो रही है।

बिजली विभाग की ओर से बकाया बिल समेत अन्य प्रपत्र में लिखा होता है कि राष्ट्रहित में बिजली बचायें। इस स्लोगन पर सरकारी विभाग कितना अमल करते हैं यह नगरपालिका की ओर से सरायमीरा से पाल चौराहा व सरायमीरा से मकरंदनगर तक लगाई गईं एलईडी लाइटें जो दिन भर जलतीं है बता रहीं हैं। इन लाइटों को लगाने की मकसद था रात के समय इन मार्गों से पैदल या किसी वाहन से निकलने वाले लोगों को पर्याप्त रोशनी मिल सके। इन लाइटों को नियमित दिन के समय बंद करना और शाम होते ही इनको जलाना होता है। नगर पालिका की ओर से इन लाइटों को दिन होने पर बंद नहीं किया जा रहा है। ऐसे में ये जलती रहती है। जहां गांव का जनता बिजली को लेकर परेशान है वहीं शहरी क्षेत्र में मिल रही बिजली का दुरुपयोग किया जा रहा है। इन दिन के समय जलती लाइटों को देखने के बाद भी जिले के आला अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। इस संबंध में अधिशासी अधिकारी श्यामेंद्र मोहन ने बताया कि ये लाइटें अभी नगर पालिका को हैंडओवर नहीं की गई हैं। इनकी जिम्मेदारी पीडब्ल्यूडी विद्युत यांत्रिक की है। उनसे बात कर जल्द समस्या का निस्तारण कराया जाएगा।


सरायमीरा-पाल चौराहा रोड पर दिन में जलती एलईडी लाइटें।


सरायमीरा-मकरंदनगर जीटी रोड पर दिन में जलती एलईडी लाइटें।

- गांव में जनता बिजली को तरस रही, नगरपालिका के पास इनको बंद करने को नहीं कर्मचारी
- ईओ का कहना है कि ये लाइटें अभी नगर पालिका को हैंडओवर नहीं की गई हैं

## एक नजर

### युवक ने महिला से की छेड़खानी, रिपोर्ट दर्ज

**सौरिख।** थाना क्षेत्र के गांव निवासी महिला ने बताया 27 मई की रात 11:30 बजे उसके पति घर पर नहीं थे। वह बच्चों के साथ घर पर लेटी थी। तभी गांव निवासी रोहित पुत्र स्व.बादशाह पड़ोस के मकान की छत से उसके घर आ गया और छेड़खानी करने लगा। जब वह चिल्लाई तो ससुर मौके पर आ गए। उन्होंने उसे पकड़ने का प्रयास किया लेकिन उसने धक्का देकर गिरा दिया और मौके से भाग गया।

### करंट की चपेट में आये रिटायर शिक्षक की मौत

**छिबरामऊ।** दरवाजे पर पौधों की सिंचाई करने के दौरान सब मर्सिबल में आये करंट की चपेट में आने से एक रिटायर शिक्षक की मौत हो गई। प्रेमपुर चौकी क्षेत्र के गांव डालूपुर के रहने शिक्षक राजेन्द्र सिंह राठौर पुत्र शिवनाथ सिंह राठौर देवेश्वर राजकुमार सिंह इंटर कॉलेज नवीगंज मैनपुरी से 20 साल पहले रिटायर हुए थे। शुक्रवार की शाम को फुलवारी की सिंचाई कर रहे थे। सबमर्सिबल से पाइप खोलने के दौरान आये करंट लगने से वह बेहोश होकर जमीन पर गिर पडे। बेहोशी की हालत में पड़ा देख परिजन आनन- फानन में सौ शैय्या अस्पताल ले आये। यहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

### आम के पेड़ के विवाद में मारपीट, तीन घायल

**गुरसहायगंज।** ग्राम लालपुर चियासर निवासी अंगद सिंह ने में कहा है कि 30 मई की सुबह लगभग 08 बजे परिवार के ही अवधेश, दिनेश, प्रदीप और भोले ने आम के पेड़ के विवाद को लेकर दरवाजे पर आकर उसके साथ गाली गलौज शुरू कर दी। विरोध किया तो उसे लाठी डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया। बीच बचाव करने आए उसके पिता रामनाथ व पत्नी गुड़िया देवी को भी मारपीट कर घायल कर दिया।

# किशोरी से छेड़छाड़ में दोषी को 3 साल की कैद

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

**अमृत विचार।** किशोरी को बदनीयती से दबोच कर छेड़छाड़ करने के सात साल पुराने मामले में विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट अलका यादव ने दोषी को सजा सुनाई है। फैसले में उसे तीन साल की कैद के साथ 5 हजार रुपये अर्थदंड भुगतने का आदेश दिया है।

विशेष लोक अभियोजक किशोर दोहरे ने बताया कि सौरिख के एक गांव निवासी पीड़ित ने 21 जून 2018 को एक युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इसमें कहा था कि उसकी पुत्री (14) को दिन के दो बजे जय कुमार की बेटी ने अपने घर बुलाया। उसी समय गांव के ही आकाश पुत्र मुन्नू जमादार ने बेटी को बुरी नीयत से चारपाई पर गिरा लिया। वह चिल्लाई तो उसे दबा दिया। शोर सुनकर उसकी बड़ी बहन आ गई और उसे छुड़ाकर घर ले आई। मामले में रिपोर्ट दर्ज होने के बाद विवेचक की तरफ से आरोप पत्र दाखिल किया गया। कोर्ट में चली सुनवाई शुक्रवार को पूरी हो गई। इसके बाद न्यायाधीश ने आकाश को दोष सिद्ध ठहराते हुए सजा तथा जुर्माने से दंडित किया। जुर्माना अदा न किए जाने की सूरत में दोषी को एक माह की कैद और भुगतने का आदेश दिया। इसके साथ ही जुर्माने की रकम का 80 प्रतिशत क्षतिपूर्ति के रूप में पीड़िता को दिए जाने का आदेश दिया।

### गैरइरादतन हत्या में पिता-पुत्र समेत तीन को सजा

**कन्नौज।** थाना ठठिया में दर्ज हुए गैरइरादतन हत्या के मामले में एडीजे प्रथम के न्यायालय में दोष सिद्ध पिता पुत्र समेत तीन को पांच-पांच साल की जेल तथा 20-20 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई गई है। थाना ठठिया में मारपीट की घटना में मामला दर्ज हुआ था। इसमें दो सगे भाई तथा इनमे से एक का पुत्र आरोपी थे। इलाज के दौरान पीड़ित की मृत्यु हो गई थी। इसकी विवेचना कर विवेचक की तरफ से आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल किया गया। सुनवाई पूरी होने पर न्यायालय एडीजे प्रथम ने दिनेश पुत्र जगदीश कठेरिया, जगदीश और रामलड़ैते पुत्रगण पंचम कठेरिया निवासीगण ग्राम पुरानी ठठिया थाना ठठिया जनपद कन्नौज को 05-05 वर्ष का कारवास व 20,000-20,000/- रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया।

# ट्रक की टक्कर से कार क्षतिग्रस्त विरोध पर मारपीट

**तिर्वा।** ट्रक की रगड़ से कार क्षतिग्रस्त होने का विरोध करने पर ट्रक चालक ने मारपीट कर दी। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने चार नामजद और 25 अज्ञात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

कानपुर नगर के बिल्हौर थाना क्षेत्र के गदनापुर गांव निवासी महेंद्र कुमार पुत्र सुखलाल ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि वह न्यू कटियार बीज भण्डार की दुकान पर कर्मचारी है। चार जून को वह दुकान बिक्री का 11 लाख 50 हजार रुपया लेकर कार चालक अनिल कटियार के साथ बैंक जा रहा था। लालजी मार्केट के सामने जैसे पहुंचा तो अनियंत्रित गति से लापरवाही से आ रहे ट्रक चालक ने उसकी कार में रगड़ मारकर क्षतिग्रस्त कर दी। जब उन लोगो ने ट्रक का पीछा किया तो चालक ने ट्रक भागते हुए सिकरोरी गांव के पास रोक दिया। ट्रक चालक अमानपुर्वा निवासी सुमित, सिकरोरी निवासी मुन्नू प्रधान, राकेश, धर्मेंद्र और 25 अज्ञात लोगों ने हमला करके घायल कर दिया। जब उसने देखा तो कार पर रखा बैग भी गायब हो गया था।

# दीपयज्ञ में पांच हजार दीपकों से जगमगा उठा वातावरण

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

**अमृत विचार।** एसबीएस इंटर कालेज प्रांगण में चल रहे गायत्री जयंती समारोह के दूसरे दिन गुरुवार देर रात भव्य दीप यज्ञ का आयोजन किया गया। इस मौके पर पांच हजार दीपों से पूरा वातावरण जगमगा उठा। समापन पर तीसरे दिवस शुक्रवार को दोपहर पांच कुण्डीय गायत्री महायज्ञ की पूर्णाहुति हुई और उसके बाद आयोजित भंडारे में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

शांतिकुंज हरिद्वार से आई टोली की क्षेत्रीय समन्वयक शिवाम्बदा सिंह ने कहा कि वर्तमान में वातावरण दूषित हो गया है। इसलिए हम सबको घर घर जाकर जगाना होगा। क्योंकि गायत्री सभी की है। उन्होंने दुख व्यक्त करते हुए कहा कि आज हमारी दिनचर्या अव्यवस्थित हो गई है जिससे हम गायत्री से दूर हो गए हैं। आचार्य श्री राम शर्मा आचार्य ने सभी को गायत्री के प्रति प्रेरित किया। पूज्य गुरुदेव ने पुरानी विधा दीपयज्ञ को प्रारंभ कराकर लोगों में नई जागृति पैदा की। बंदायू की ट्रस्टी पूनम अरोरा ने कहा कि इस देश में सिर्फ एक ही धर्म है और वह है सनातन धर्म जबकि पंथ अनेक हैं। दीपयज्ञ समाज को प्रकाश देता है और इसमें ज्यादा संसाधन की जरूरत नहीं पड़ती। टोली के सदस्य संजीव कुमार पटेल ने युवाओ के नशा की बढती लत पर चिन्ता प्रकट करते हुए युवाओं से नशा से दूर रहने का आवाहन किया। बंदायु से टोली में आईं सरोज चौहान ने भक्ति गीतों पर ढोलक के माध्यम से सभी का मन मोहकर अपनी ओर आकर्षित किया। शुक्रवार को गायत्री जयंती समारोह के अंतिम दिन महायज्ञ पूर्णाहुति में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। गायत्री महायज्ञ के दौरान पत्रकार का यज्ञोपवीत संस्कार कराया गया। पूर्णाहुति के बाद शान्ति कुंज से आई टोली को विदाई दी गई। टोली के सभी सदस्यो का सम्मान करने के बाद उन्हें बाबा गौरी शंकर महादेव एवं खाटू श्याम बाबा का चित्र तथा कन्नौज का इत्र भेंट किया गया। पूर्णाहुति के बाद सैकडो भक्तो ने भण्डारे का प्रसाद ग्रहण किया।


गुरुवार देर रात भव्य दीप यज्ञ। अमृत विचार

- गायत्री महायज्ञ की पूर्णाहुति के साथ कार्यक्रम का समापन

# सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग न करने की अपील

**गुरसहायगंज।** नगर पंचायत तालग्राम में विश्व पर्यावरण दिवस पर विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। लोगो से सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग न करने की अपील की गई।

जिन दुकानदारों को प्रतिबन्धित प्लास्टिक का उपयोग करते हुए पाया गया। उन पर जुर्माने की कार्रवाई करते हुए प्लास्टिक को जब्त किया गया। एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत नगर पंचायत अध्यक्ष मोहसिन खान द्वारा पौधरोपण किया गया व पर्यावरण को स्वच्छ रखने व प्लास्टिक का उपयोग न करने की शपथ दिलाई गई। इस दौरान वरिष्ठ लिपिक दीपक सविता, नितेश सिंह, गोकरन सिंह, रवी शर्मा, सफाई नायक संतराम आदि कर्मी मौजूद रहे। इसी प्रकार नगर पालिका परिषद गुरसहायगंज में अधिशासी अधिकारी अनिल कुमार ने कर्मियों व स्थानीय लोगों को पर्यावरण का महत्व बताते हुए हरित प्रतिज्ञा की शपथ ग्रहण कराई। इस दौरान वरिष्ठ लिपिक आरपी सिंह, प्रसन्नजीत मिश्रा, वीर सिंह, जनार्दन मिश्रा, मनोज तिवारी, जगदीश कुमार, मोहित गुप्ता आदि कर्मी रहे।

**लापरवाही** — अमानक होने पर संचालन न करने का हलफनामा देने के बाद फिर से ये क्लीनिक व पैथोलॉजी धड़ल्ले से संचालित हो गए हैं

# अवैध पैथोलॉजी, क्लीनिक संचालकों को नोटिस दे सो गया विभाग

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

**अमृत विचार।** अवैध क्लीनिक, पैथोलॉजी को नोटिस थमाने के बाद स्वास्थ्य विभाग सो गया है। अमानक होने पर संचालन न करने का हलफनामा देने के बाद फिर से ये क्लीनिक व पैथोलॉजी धड़ल्ले से संचालित हो गए हैं। विभाग बेखबर है।

जिले में स्वास्थ्य विभाग की ओर से अवैध क्लीनिक व पैथोलॉजी पर छापेमारी की जा रही है। अवैध मिलने पर नोटिस भी थमाया जाता है। दो दिन या एक सप्ताह में संबंधित प्रपत्र मांगे जाते हैं। तय समय सीमा से पहले संचालक सीएमओ कार्यालय में पहुंच कर शपथपत्र कम माफीनामा दे देता है कि वह अब अवैध तरह से क्लीनिक या पैथोलॉजी का संचालन नहीं करेगा। उसे माफ किया जाये। इसके बाद ये प्रतिष्ठान फिर से चलाने लगते हैं। इसी तरह का मामला सामने आया है। मानीमऊ क्षेत्र के उदैतापुर में संचालित एंजल पॉलीक्लिनिक पर विभागीय अधिकारी ने बीते सप्ताह छापा मारा था। क्लीनिक अवैध मिलने पर संचालक अनुज को नोटिस दिया गया था। संबाधित ने सीएमओ कार्यालय में पहुंच कर माफीनामा दिया था।

इसमें दोवारा क्लीनिक का संचालन न करने की बात कही गई थी। इस के बाद भी क्लीनिक पर नियमित मरीज भर्ती करके उपचार दिया जा रहा है। इसी तरह के क्लीनिक मानीमऊ, उदैतापुर क्षेत्र में और संचालित हैं। इसी तरह विभाग की ओर से तिर्वा रोड शहीद चंद्रभान सिंह विद्यालय के पीछे संचालित पैथोलॉजी को भी नोटिस दिया गया था जबकि क्लीनिक संचालक भाग गया था। इसके संचालक ने भी सीएमओ कार्यालय में माफीनामा दिया था। इस के बाद भी पौथोलॉजी का संचालन किया जा रहा है। इससे स्पष्ट है कि विभाग की ओर से नोटिस दिये जाने के बाद यह नहीं देख जाता है कि संबंधित ने क्लीनिक या पैथोलॉजी बंद की या पहले की तरह चल रही है जब कि मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. स्वदेश गुप्ता का कहना है कि विभाग की ओर से लगातार चेकिंग की जा रही है। अवैध रूप से संचालित क्लीनिक या पैथोलॉजी पर कार्रवाई की जायेगी।


मानीमऊ में दुकान में संचालित एक क्लीनिक। अमृत विचार

# ईद-उल-अजहा को लेकर पुलिस प्रशासन ने जांचीं तैयारियां

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

**अमृत विचार।** बकरीद को लेकर पुलिस अधिकारियों ने सुरक्षा व्यवस्था का मौके पर जाकर निरीक्षण किया। मस्जिदों में पहुंच कर कमेटी के लोगों से बात की।

पुलिस क्षेत्राधिकारी नगर अभिषेक प्रताप सिंह ने 07 जून को होने वाले बकरीद को लेकर सदर कोतवाली क्षेत्र की मस्जिदों का निरीक्षण कोतवाली प्रभारी जितेंद्र प्रताप सिंह के साथ किया। इस दौरान उन्होंने उन सभी मस्जिदों को देखा। मस्जिदों की कमेटी से बात कर नमाजियों की संख्या जांची। उन्होंने लोगों से बात कर उनको त्योहार पर सुरक्षा का भरोसा दिया। इसी तरह क्षेत्राधिकारी तिर्वा डॉ. प्रियंका वाजपेयी ने थाना तिर्वा क्षेत्र में पैदल गस्त कर थाना क्षेत्र में पड़ने वाली मस्जिदों व ईदगाह के आस पास क्षेत्र का निरीक्षण किया। आमजन मानस को सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। ईदगाह तिर्वा पर आमजनमानस से वार्ता कर उन्हें सुरक्षा के प्रति आश्वस्त किया।


तिर्वा में मस्जिदों के संबंध में जानकारी लेतीं सीओ तिर्वा डॉ. प्रियंका वाजपेई व एसडीएम।

# बकरीद को लेकर डीएम एसपी ने किया निरीक्षण ,दिए जरूरी निर्देश

## बकरीद को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने को लेकर चाक चौबंद इंतजाम किए

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद



डीएम -एसपी ईदगाह का निरीक्षण करते हुए। ● अमृत विचार

**अमृत विचार।** ईद उल-अजहा (बकरीद) को लेकर थाना मऊदरवाजा क्षेत्रान्तर्गत स्थित ईदगाहों, नमाज स्थलों एवं प्रमुख मार्गों का जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी और पुलिस अधीक्षक आरती सिंह ने निरीक्षण किया । साथ ही शान्ति व कानून व्यवस्था के बनाएं रखने के दिशा-निर्देश दिए हैं ।

बकरीद (ईद उल जुहा) को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने को लेकर जिला प्रशासन ने चाक चौबंद इंतजाम किया है । जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने हर थाना क्षेत्र के लिए नामित किए गए मजिस्ट्रेट, शांतिपूर्ण पर्व संपन्न कराने के निर्देश दिए हैं ।

संपूर्ण नगरीय क्षेत्र (फर्रुखाबाद फतेहगढ़, मऊदरवाजा, कादरीगेट) थाना क्षेत्र में ईद उल जुहा पर शांति और कानून व्यवस्था कायम रखने के लिए सिटी मजिस्ट्रेट संजय कुमार को बनाया गया प्रभारी अधिकारी। एसडीएम रजनीकांत को संपूर्ण तहसील क्षेत्र सदर में शांति व्यवस्था से लेकर त्योहार सकुशल संपन्न कराने के लिए तैनात किया गया है । एसडीएम रविंद्र सिंह को संपूर्ण तहसील क्षेत्र कायमगंज, एसडीएम अतुल कुमार सिंह को संपूर्ण तहसील क्षेत्र अमृतपुर का नोडल बनाया गया है। एसडीएम यदुवंश कुमार वर्मा को कादरीगेट थाना क्षेत्र में तैनात किया गया है । एसडीएम संजय कुमार सिंह को कोतवाली मोहम्मदाबाद क्षेत्र में तैनात किया गया है । तहसीलदार सदर श्रद्धा पांडे को कमालगंज थाना क्षेत्र की जिम्मेदारी दी गई है । एसडीएम गजराज सिंह को कायमगंज कोतवाली क्षेत्र में तैनात किया गया है। तहसीलदार विक्रम सिंह चतुर्थ को कंपिल थाना क्षेत्र की जिम्मेदारी दी गई है । शमशाबाद थाना क्षेत्र में शांति व्यवस्था और त्योहार सकुशल संपन्न कराने के लिए नायब तहसीलदार मनीष वर्मा को जिम्मेदारी दी गई है । नायब तहसीलदार सृजन कुमार कोतवाली नवाबगंज क्षेत्र में तैनात किए गए हैं । नायब तहसीलदार सनी कनौजिया मेरापुर थाना क्षेत्र की जिम्मेदारी दी गई है ।

# ९ जून से ९ जुलाई तक होंगी डिजिटल प्रतियोगिताएं

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद

अमृत विचार। शुक्रवार को भाजपा जिला मुख्यालय पर मोदी सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने पर जिला अध्यक्ष फतेहचंद वर्मा की अध्यक्षता में जिला पदाधिकारियों, मंडल अध्यक्षों, प्रकोष्ठों के संयोजको शक्ति केंद्र संयोजकों की जिला कार्यशाला आयोजित हुई जिसमें संगठन के जनपद प्रभारी शिव महेश दुबे ने आगामी कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी दी।

भाजपा जिला संगठन प्रभारी व कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्रीय उपाध्यक्ष शिव महेश दुबे ने बताया केंद्र की मोदी सरकार के कार्यकाल के 11 वर्ष पूर्ण हुए हैं इन 11 वर्षों में सरकार द्वारा किए गए कार्यों की उपलब्धियां की जानकारी को आम जनमानस तक पहुंचाने के लिए कार्यशाला आयोजित हुई है। यह कार्यक्रम एक अभियान के रूप में चलेगा जिसको विकसित भारत का अमृत कलश एवं सेवा सुशासन और गरीब कल्याण के 11 वर्षों पर केंद्रित होगा।

12 जून को ही जनपद में जिला स्तर पर प्रबुद्ध समागम कार्यक्रम आयोजित होगा जिसमें सरकार की उपलब्धियां की जानकारी पर विस्तार से चर्चा की जाएगी। 9 जून से 9 जुलाई के मध्य डिजिटल प्रतियोगिता बदलते भारत मेरा अनुभव कार्यक्रम किए जाएंगे। इस कार्यक्रम में सोशल मीडिया से जुड़े हुए लोग प्रतिभागी करेंगे। मंडल स्तर पर भी यह अभियान चलाया जाएगा जिसमें संगोष्ठियों का आयोजन होगा। 23 जून को पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस कार्यक्रम को जिला स्तर पर मनाया जाएगा। 25 जून को आपातकाल दिवस कार्यक्रम जिला स्तर पर मनाया जाएगा। शहरी व ग्रामीण क्षेत्र में कार्यकर्ता घर-घर जाकर सरकार की उपलब्धियां वाले पत्रक बाटेंगे।

## सार-संक्षेप



पुलिया निर्माण के चलते वाहनों का लगा जाम। ● अमृत विचार

### पुलिया निर्माण में बंद किया एक ओर का रास्ता ,लगा जाम

**फर्रुखाबाद ।** इटावा बरेली हाईवे पर पांचाल घाट पुल चौराहे पर पुलिया निर्माण को लेकर कई दिनों से जाम लग रहा था लेकिन शुक्रवार को सुबह से ही लम्बा जाम लग गया। बस में सवार तमाम यात्रियों को चिलचिलाती धूप में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। जाम लगने से यातायात व्यवस्था पूरी तरह से लड़खड़ा गई। शुक्रवार को सुबह से ही वाहनों की दोनों साइडों में लंबी लंबी कतारें लगनी शुरू हो गईं थीं जिससे दोपहर तक जाम ने विकराल रूप ले लिया। स्थानीय लोगों के साथ ही साथ राहगीरों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। पुलिया निर्माण कार्य के चलते सड़क का एक हिस्सा पूरी तरह से बंद कर दिया है और दूसरी कोई वैकल्पिक व्यवस्था न होने की वजह से जाम की स्थिति और ज्यादा बिगड़ गई।

### बावरिया गैंग की 10 महिलाओं को किया गिरफ्तार

**फर्रुखाबाद ।** गंगा दशहरा पर अलग अलग 3 महिलाओं के साथ पांचाल घाट पर चेन स्नैचिंग की घटना होने के बाद रिपोर्ट दर्ज की गई । उसके बाद पुलिस ने थाना कादरी गेट क्षेत्र से बावरिया गैंग की 10 महिलाओं को गिरफ्तार किया है । थाना कादरी गेट में शिवम ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि गंगा स्नान के दौरान पांचाल घाट पर भीड़ में उनके परिजनों के साथ सोने की चेन छीनकर महिलाए ले गई हैं। कादरी गेट पुलिस ने इस घटना के अलावा दो अन्य घटनाओं की भी रिपोर्ट दर्ज की थी। पुलिस इस मामले को गंभीरता से लेते हुए लूट की घटना को अंजाम देने वाली महिलाओं को पकड़ने के प्रयास में जुट गई। उन्होंने बताया कि कादरी गेट थाना क्षेत्र में भरतपुर राजस्थान की कुछ महिलाएं रह रही हैं। जब पुलिस ने पड़ताल की तो महिलाएं बावरिया गैंग की होने पर पुलिस ने उन सभी 10 महिलाओं को गिरफ्तार कर लिया और थाने ले आईं । उनके पास से जेवरात व अन्य सामान भी बरामद हुआ है ।

### बाइक सवारों ने ऑटो चालक व यात्रियों को पीटा

**उरई।** सिरसा कलार थाना क्षेत्र के ग्राम दमरास निवासी नीतेश सिंह आसपास क्षेत्र में ऑटो चलाकर अपने परिवार का भरण पोषण करता है। बताया गया कि वह गुरुवार की देर रात ग्राम कोड़ा किर्राही से सवारियां लेकर जालौन जा रहा था। जब ऑटो धामनी बाबई रोड पर मलंगा नाला पुल पर पहुंचा। तभी बाइक सवार निखिल दोहरे और सुमित दोहरे ने ऑटो का रास्ता रोककर मारपीट शुरू कर दी। बताया जा रहा कि पहले भी इन्हीं लोगों के द्वारा पुराने विवाद के कारण ऑटो चालक को पीटा था। इस दौरान ऑटो में बैठी ग्राम कोड़ा किर्राही निवासी रमाकांत कठेरिया उनकी पत्नी नीतू व उनकी भाभी संतोषी ने जब विरोध किया तो उनके साथ भी मारपीट की गई, जिसमें उनके सोने की बाली कहीं गिर गई। सभी ने पुलिस से शिकायत की है।

### संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता की मौत

**उरई।** रामपुरा थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत उमरी में संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता की मौत हो गई है ।रामपुरा थाना क्षेत्र के नगर पंचायत ऊमरी निवासी अजय कुमार का विवाह 6 मई 22 को मनोरमा निवासी ग्राम भगवानपुरा (मीगनी) के साथ संपन्न हुआ था। बताया गया कि गुरुवार की देर रात महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। फांसी पर लटका पुत्रवधू का शव देखकर परिजनों में कोहराम मच गया। वहीं मौजूद मृतका के पिता ने बताया कि मनोरमा का पति अजय कुमार कल दशहरा के अवसर पर गंगा नहाने गया था। वहां से गुरुवार की शाम वापस लौटने पर क्या हुआ इसकी जानकारी नहीं है, मोबाइल फोन के माध्यम से सूचना प्राप्त हुई कि उसने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है।

### दो ट्रकों की भिड़ंत में एक के चालक की गई जान

**कालपी।** कानपुर देहात के थाना रसूलाबाद ग्राम हरलाल निवासी 20 वर्षीय राम योगिक ट्रक चालक था । शुक्रवार की सुबह वह ट्रक लेकर जोल्हूपुर से कदौरा की तरफ जा रहा था। बताया गया कि जैसे ही उसका ट्रक ग्राम रामपुरा के पास पहुंचा। तभी सामने आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों ट्रकों की केबिन क्षतिग्रस्त हो गई और रामयोगिक उसी में फंस गया, जबकि दूसरे ट्रक का चालक मौके से भाग गया। हादसा देख मौके पर पहुंचे लोगों ने सूचना पुलिस को दी। इसके बाद कोतवाली पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घायल चालक को बाहर निकालकर इलाज के लिए सीएचसी भेजा। जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। वही पुलिस ने शव को कब्जे में लिया और परिजनों को सूचना देने के बाद पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### डंपर की चपेट में आकर बाइक सवार स्वास्थ्य कर्मी की मौत

**कालपी।** शुक्रवार की सुबह 30 वर्षीय अभिषेक दीक्षित निवासी गणेशगंज कस्बा कालपी पिछले वर्ष से सीएचसी कदौरा में स्वास्थ्य कर्मचारी के तौर पर ड्यूटी करता था। अभिषेक दीक्षित की शादी इसी महीने कालपी में होनी थी। शुक्रवार को वह अपने घर कालपी से कदौरा सीएचसी में ड्यूटी करने जा रहा था। वह कदौरा सीएचसी में आयुष्मान मित्र का काम भी करता है। मोटरसाइकिल से ड्यूटी जाते समय ग्राम बरखेड़ा कालपी कोतवाली क्षेत्र में जोल्हुपुर मोड़ – कदौरा हाईवे में ग्राम बरखेड़ा के पास 11 बजे एक बेकाबू डंपर ने मोटर साइकिल में टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में अभिषेक गंम्भीर रूप से घायल हो गया। गम्भीर रूप से घायल अभिषेक को स्थानीय पुलिस द्वारा सीएचसी कालपी लाया गया । गंभीर रूप से घायल होने के कारण मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया,जहां पर अभिषेक की मृत्यु हो गई।

### पीड़िता ने एसपी से लगाई न्याय की गुहार

**उरई।** शहर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला उमरारखेरा निवासी मनीषा ने एसपी डॉ. दुर्गेश कुमार को शिकायती पत्र दिया। जिसमें आरोप लगाते हुए बताया कि 13 मई को उसके पति राघवेंद्र उर्फ राजू को पड़ोसी मंगल साहू अपने साथ में ले गया था। शाम को पता चला कि वह जिला अस्पताल में अचेतावस्था में पड़े हैं। जब परिजन वहां पहुंचे, तो पूरे शरीर में चोटों के निशान थे। बताया कि हालत बिगड़ने पर उन्हें इलाज के लिए झांसी मेडिकल कॉलेज ले जाया गया। जहां पर इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई थी। इस पर उन्होंने आरोपी मंगल साहू के खिलाफ रिपोर्ट दर्जकर करवाई की मांग की थी। लेकिन एक सप्ताह बाद भी आरोपी की गिरफ्तारी पुलिस ने नहीं की है। इससे वह व उसके परिजन परिवार के लोगों को समझौते का दबाव बनाकर जान से मारने की धमकी दे रहा है। पीड़िता ने बताया कि उसका एक बेटा है, आशंका है कि आरोपी उसके साथ अनहोनी न कर दे। फिलहाल एसपी ने मामले की जांच पड़ताल कर उसे न्याय दिलाने का भरोसा दिलाया है।



सड़क पर अनियंत्रित होकर सीएनजी टैंकर पलटा। ● अमृत विचार

# गैस टैंकर पलटने से लगा भीषण जाम, लोग बेहाल

संवाददाता, कायमगंज

अमृत विचार। कोतवाली कायमगंज क्षेत्र में एक सीएनजी गैस टैंकर पलट गया। सड़क पर भीषण जाम लग गया।

कोतवाली क्षेत्र के गांव पपड़ी के पास तेज रफ्तार सीएनजी गैस टैंकर अनियंत्रित होकर देर रात में पलट गया। टैंकर पलटने से बड़ा हादसा होने से बच गया। फर्रुखाबाद से जनपद एटा के थाना अलीगंज सीएनजी लेकर जा रहा था। फर्रुखाबाद कायमगंज मुख्य मार्ग पर सीएनजी टैंकर पलटने से कई घंटे तक यातायात अवरुद्ध हो गया। जिससे देर रात से बड़े वाहनों का आवागमन बंद हो गया। आवागमन बंद होने से दोनों तरफ वाहनों की लंबी लाइनें लग गईं। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल की। यातायात बंद होने पर पुलिस ने मौके पर पहुंच कर क्रेन मंगवा कर गैस टैंकर को मुख्य मार्ग से हटवा कर सड़क से साइड में करवा दिया गया।

# दो बीईओ को प्रतिकूल प्रविष्टि

**फर्रुखाबाद।** बेसिक शिक्षा विभाग के मासिक कार्यों की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता आयोजित की गई। कार्य मे लापरवाही बरतने पर खंड शिक्षा अधिकारी शमसाबाद, कायमगंज को प्रतिकूल प्रवष्टि देने के निर्देश दिये व खंड शिक्षा अधिकारी राजेपुर के खिलाफ दंडात्मक कार्यवाही के लिये निर्देशित किया।

बीएसए द्वारा अवगत कराया गया कि स्कूल चलो अभियान में 2025-26 में अभी तक 11937 नामांकन हो गये है, 89 फैमली आई0डी0बननी शेष है पी0एम0 सूर्यघर योजना में विभाग को मिले 200 के लक्ष्य के सापेक्ष केवल 63 कनेक्शन हुये है, जिलाधिकारी द्वारा इस पर नाराजगी जताई गई व जल्द कार्य पूर्ण कराने के लिये निर्देशित किया गया। बैठक में जिला पंचायत राज अधिकारी, सभी खंड शिक्षा अधिकारी मौजूद रहे।

# छत्रपति शिवाजी महाराज का राज्याभिषेक दिवस मनाया

कार्यालय संवाददाता ,फर्रुखाबाद



शिवाजी महाराज का राज्याभिषेक दिवस मनाते युवा वाहिनी के कार्यकर्ता।

**अमृत विचार।** सरदार पटेल युवा वाहिनी द्वारा नेकपुर स्थित शिवाजी संस्थान पर मराठा सम्राट वीर शिरोमणि छत्रपति शिवाजी महाराज के गौरवशाली जीवन को याद करते हुए बड़े ही हर्षोल्लास के साथ राज्याभिषेक कार्यक्रम मनाया गया ।

छत्रपति शिवाजी महाराज का राज्याभिषेक 6 जून 1674 को रायगढ़ किले में एक भव्य और ऐतिहासिक समारोह के साथ संपन्न हुआ था। यह दिन मराठा साम्राज्य की स्थापना और हिंदवी स्वराज्य के स्वप्न को साकार करने का प्रतीक है, शिवाजी महाराज का राज्याभिषेक न केवल एक राजा का ताजपोशी समारोह था, बल्कि यह भारतीय इतिहास में स्वतंत्रता, सुशासन और सांस्कृतिक गौरव का एक अनूठा अध्याय था।

शुक्रवार को इस महान दिवस को सरदार पटेल युवा वाहिनी विगत वर्षों की भांति हर्षोल्लास के साथ मना रही है और समाज में चेतना जागरूकता के साथ समाज और संगठन को मजबूत करने का निरंतर कार्य करती रहती है । इस दौरान कार्यक्रम में प्रमुख रूप से अध्यक्ष पवन कटियार, वरिष्ठ संरक्षक हर्षवर्धन कटियार, वरिष्ठ अधिवक्ता जवाहर सिंह गंगवार, अधिवक्ता अशोक कटियार, प्रधान संजय कटियार, शिवकुमार कटियार, बीनू कटियार, अमित सरोज, शरद कटियार, अंशुल कटियार, धनंजय कनौजिया, अधिवक्ता अनुभव कटियार, आदि लोग मौजूद रहे।

# एसपी ने ईदगाहों का दौरा कर परखी सुरक्षा

संवाददाता कोंच जालौन



गुरुवार रात कस्बे में पैदल भ्रमण करते पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार व पुलिस बल । ● अमृत विचार

**अमृत विचार।** ईद-उल-अजहा (बकरीद) के मद्देनजर गुरुवार रात करीब नौ बजे जिले के पुलिस कप्तान डॉ. दुर्गेश कुमार ने भारी पुलिस बल के साथ बाजारों में पैदल गश्त की। इससे पहले वह ईदगाह पर पहुंचे और व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने कस्बे की कई मस्जिदों पर जाकर सुरक्षा व्यवस्था देखी और अधीनस्थों को जरूरी दिशा-निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की गड़बड़ी करने का प्रयास न किया जाये अन्यथा कड़ी कार्रवाई की जायेगी।

एसपी डॉ. दुर्गेश कुमार गुरुवार की रात सीओ परमेश्वर प्रसाद, कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक विजय कुमार पांडे व भारी पुलिस बल के साथ सबसे पहले मुस्लिम बहुल और मिश्रित आबादी वाले इलाकों में पैदल भ्रमण करते हुए ईदगाह पहुंचे और वहां पर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने स्थानीय पुलिस को नमाज के दौरान सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रखने को लेकर आवश्यक निर्देश दिए। तत्पश्चात मस्जिद कुरैशियान, मस्जिद काजियान, अंसारियों की मस्जिद, पुरानी तहसील वाली मस्जिद, आस्ताना-ए-कलंदरिया आदि का निरीक्षण किया और व्यवस्थाएं देखीं। उन्होंने बकरीद की नमाज के दौरान सभी मस्जिदों पर सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम करने के निर्देश दिए। इसके बाद उन्होंने पुलिस बल के साथ कस्बे के बाजारों में भ्रमण किया और दुकानदारों से संवाद करते हुए उन्हें सुरक्षा का भरोसा दिलाया।

उन्होंने खांड़ से निर्मित बतासे बेचने वाले दुकानदारों से बतासों के निर्माण की विधि पूछी और जो बताया गया उसमें कुछ चीजें ऐसी भी हैं जो मानव सेहत पर बुरा असर डाल सकतीं हैं तो उन्होंने दुकानदारों को हिदायत दी कि बतासा बनाने में इस बात का ध्यान रखा जाए कि उनसे किसी को कोई नुकसान न हो। उन्होंने सेवढ़ा कुआं होते हुए स्टेट बैंक, चंदकुआं, बाजार वाली गली, बर्तन बाजार, पुरानी पसरट, सर्राफा बाजार, रामगंज बाजार का भ्रमण किया। इस दौरान सीओ परमेश्वर प्रसाद, कोतवाल विजय कुमार पांडे, अतिरिक्त निरीक्षक लल्लूराम, आदि रहे।

# यमुना में डूबे युवक का शव मिलने से मचा कोहराम

संवाददाता कालपी जालौन

**अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के शेखपुर गुढ़ा में नहाने के दौरान यमुना में डूबे युवक का शव शुक्रवार दोपहर बरामद कर लिया गया है।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम शेखपुर गुढा निवासी मंगली की पुत्री की शादी मथुरा जनपद के बिसम्भरा थाना शेरगढ निवासी कमल सिंह के साथ होना तय हुई थी। कुछ दिनों पूर्व मंगली की पत्नी घायल हो गयी थी। जिसकी जानकारी पाकर कमल सिंह की बहन नीरज व उसका पति नारायण सिंह और कमल का फुफेरा भाई कान्हा 22 वर्ष निवासी मथुरा भी बुधवार को आया हुआ था। बताया गया कि गुरुवार को गंगा दशहरा का पर्व होने के चलते वह गांव के पास स्थित यमुना नदी में नहाने गया। जहां वह डूब गया। इस दौरान वहा मौजूद अन्य लोगों ने जानकारी मंगली को दी। जानकारी पर प्रशासनिक अमला मौके पर पहुंच गया और स्थानीय गोताखोरों के जरिए खोजी अभियान चलाया। लेकिन युवक का पता नहीं चल सका। जिसपर प्रशासन ने शासन से एसडीआरएफ टीम भेजने की अपील की थी। जिसके चलते गुरुवार रात ही टीम आ गयी थी लेकिन अंधेरा होने की वजह से खोजी अभियान नहीं चलाया जा सका।

हालांकि सुबह से ही स्थानीय पुलिस व एसडीआरएफ टीम ने मिलकर यमुना मे उसे खोजने का अभियान शुरू किया और कई घण्टों की मशक्कत के बाद उसका शव घटना स्थल से करीब डेढ़ किमी दूर बरामद कर लिया। मौके पर मौजूद परिजनो की शिनाख्त के बाद पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है

किया निरीक्षण | निरीक्षण करने के दौरान बिहारी मंदिर भी पहुंचीं और मंदिर के दर्शन किये, गौशाला में मिला सब कुछ सही

# अपर निदेशक ने घूम-घूम कर देखी विकास कार्यों की हकीकत

संवाददाता, कालपी जालौन



नगरीय क्षेत्र के विकास कार्यों का निरीक्षण करतीं अपर निदेशक ऋतु सुहास।

**अमृत विचार।** शुक्रवार को उत्तर प्रदेश नगर विकास विभाग की अपर निदेशक ऋतु सुहास आईएएस ने स्थानीय नगर में घूम-घूम कर विकास कार्यों का निरीक्षण किया।

उरई से लखनऊ जाते वक्त नगर विकास विभाग की अपर निदेशक ऋतु सुहास अचानक कालपी में पहुंची। नगर पालिका के कार्यालय में पालिका अध्यक्ष अरविंद यादव तथा अधिशासी अधिकारी अवनीश कुमार शुक्ला की मौजूदगी में विकास कार्यों, सफाई , प्रकाश व्यवस्था की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि नगर पालिका कार्यालय का भवन पुराना हो गया है। इसलिए नवीन कार्यालय के निर्माण कराने के लिये प्रस्ताव तथा कार्य योजना तैयार करने का सुझाव दिया। अपर निदेशक ने यमुना नदी के किनारे मोहल्ला राजघाट में नवनिर्मित अंत्येष्टि स्थल मोछ धाम का निरीक्षण किया। इसी क्रम में ऐतिहासिक रूप से विख्यात धर्मस्थल बिहारी मंदिर में भी वे पहुंची और मंदिर के दर्शन किये। यमुना नदी के तट में स्थित प्राचीन घाटों एवं मंदिर के बारे में नगर पालिका अध्यक्ष अरविंद यादव तथा अधिशासी अधिकारी अवनीश कुमार शुक्ला से व्यापक चर्चा की। अवर अभियंता प्रवीण कुमार मौर्या, हरिभूषण सिंह चौहान,शिशुपाल सिंह यादव पप्पी, सरफराज खान आदि कर्मचारी मौजूद रहे।

**गौशाला में हरा चारा व पानी देखकर की सराहना :** जगह-जगह निरीक्षण के साथ ही वे कान्हा गौशाला (प्रतापपुरा रोड), एमआरएफ सेंटर, डंप साइट तथा लौना रोड स्थित मॉडल सार्वजनिक शौचालय का भ्रमण कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। निरीक्षण के दौरान वह लौना रोड स्थित मॉडल सार्वजनिक शौचालय पहुंची, जहां उन्होंने साफ-सफाई, जल आपूर्ति, रख-रखाव व जनसुविधाओं की व्यवस्था की गहन समीक्षा की। व्यवस्थाएं संतोषजनक पाए जाने पर उन्होंने नगर पालिका प्रशासन की सराहना की। प्रतापपुरा रोड स्थित कान्हा गौशाला में गोवंशों के लिए हरे चारे, पीने के पानी, दवाओं व छाया की व्यवस्था को उन्होंने संतोषजनक बताते हुए सराहना की। साथ ही, गौशाला में सौर ऊर्जा आधारित सोलर प्लांट स्थापित करने के निर्देश भी दिए ताकि पर्यावरण-संवेदनशील ऊर्जा समाधान को बढ़ावा दिया जा सके। निरीक्षण के अगले चरण में एमआरएफ सेंटर का जायजा लिया गया। उन्होंने कचरा छंटाई व निस्तारण प्रक्रिया को देखा और इसके प्रभावी संचालन पर प्रसन्नता जताई। इस मौके पर ईओ सुशील कुमार दोहरे, उरई अधिशासी अधिकारी राम अचल कुरील आदि मौजूद रहे।

# यमुना आरती को उमड़ी भक्तों की भीड़

संवाददाता, कालपी जालौन



यमुना मैया में महा आरती में शामिल लोग। ● अमृत विचार

- महाआरती के बाद भक्तों को बांटा गया प्रसाद
- उपजिलाधिकारी समेत अन्य अधिकारी रहे मौजूद

**अमृत विचार।** नगर पालिका परिषद के तत्वावधान में बीती शाम को समाजसेवियों की मौजूदगी में यमुना मैया की महाआरती का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में गणमान्य नागरिकों सहित भारी संख्या में लोगों ने हिस्सा लिया।

बीती देर शाम को यमुना नदी के तट में स्थित विख्यात एवं प्राचीन बिहारी घाट में उपजिलाधिकारी सुशील कुमार सिंह, नगर पालिका अध्यक्ष अरविंद यादव, पूर्व विधायक नरेंद्र सिंह जादौन सहित भारी संख्या में नागरिक एकत्रित हुए। प्राचीन घाट में नगरवासियों ने सामूहिक रूप से यमुना मैया की महा आरती की। उपजिलाधिकारी ने कहा कि हमारे जीवन में नदियों का बहुत महत्व है। इस अवसर पर पूर्व विधायक नरेंद्र सिंह जादौन ने सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को जन्म दिवस पर उनके द्वारा चलाई जा रही योजनाओं पर प्रकाश डाला। नगर पालिका अध्यक्ष अरविंद यादव ने कहा कि प्राचीन घाटों तथा नदियों के संरक्षण के लिए प्रकाश डालते हुए कहा कि बालिका परीक्षा के द्वारा प्राथमिकताओं से विकास कार्य किए जाएंगे इस मौके पर अधिशासी अधिकारी अवनीश शुक्ला, शिशुपाल यादव, सरफराज शरद तिवारी, अवधेश तिवारी, भारत भूषण आदि मौजूद रहे।

# सजा से बचने नहीं चाहिए अपराधी : डीएम

## कहा निर्दोष लोगों को परेशानी नहीं होनी चाहिये, पुलिस छोटी घटना का भी संज्ञान ले

कार्यालय संवाददाता इटावा

**अमृत विचार।** डीएम शुभ्रांत कुमार शुक्ला ने कहा है कि अपराधी समाज के लिए बहुत ही खतरनाक है। अपराधी किसी भी तरह से सजा से बचने नहीं चाहिये। इनके प्रति कोई रहम नहीं बरती जानी चाहिए। कलेक्ट्रेट सभागार में अभियोजन कार्यों की समीक्षा बैठक में डीएम ने कहा कि सामाजिक हित में उनके अपराध की सजा दिलाई जाए और उन्हें जेल भिजवाया जाएं। यह भी ध्यान रखें कि निर्दोष लोगों को किसी भी प्रकार की समस्या न होने पाये।



बैठक में अभियोजन के कार्यो की समीक्षा करते डीएम शुभ्रांत कुमार शुक्ला।

● जिलाधिकारी ने की अभियोजन के कार्यो की समीक्षा

बैठक में डीएम ने महिला सम्बन्धी अपराधों, पाक्सो एक्ट से सम्बन्धित मुकदमों पर प्रभावी ढंग से कार्रवाई करने के लिए कहा। उन्होंने आपराधिक मामलों में लिप्त अपराधियों को सजा दिलाने के लिए न्यायालयों में मुकदमों की प्रभावी ढंग से पैरवी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कानून के प्रति भय कायम करने और सजा के लिये अपराधियों को जेल भिजवाने के लिए पुलिस और अभियोजन अधिकारी एकजुट होकर ठोस कदम उठायें। उन्होंने गुण्डा एक्ट पर तत्काल कार्रवाई करने और लगातार अपराध करने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध दण्डात्मक कार्रवाई करने के निर्देश दिये।

डीएम ने कहा कि पुलिस क्षेत्र में छोटी से छोटी घटना को भी गंभीरता से लेकर तत्काल प्रभावी कार्रवाई करे ताकि ऐसी घटना की पुनरावृत्ति न हो सके। जिससे आगे किसी बड़े खतरे से भी बचा जा सकेगा। उन्होंने कहा कि गैंगस्टर, महिलाओं और बच्चों से संबंधित आपराधिक मामलों का निर्धारित समयावधि के अंतर्गत निस्तारण कराया जाए। लंबित मामलों की सूची तैयार करते हुए व्यापक कार्य योजना तैयार कर लंबित मामलों का निस्तारण भी कराएं।

ऑपरेशन कनविक्शन में बड़े अपराधियों को सजा दिलाई जाए। उन्होंने कहा कि गिरोहबंद व समाज विरोधी क्रियाकलाप अधिनियम का अपराध नियंत्रण में बड़ा योगदान रहा है। उन्होंने डिप्टी सीएमओ से कहा कि सभी मेडिकल रिपोर्ट्स पर डॉक्टर का नाम व डेजिगनेशन जरूर होना चाहिए। बैठक में अपर जिलाधिकारी अभिनव रंजन श्रीवास्तव तथा अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## मारपीट की घटनाओं में पांच लोग घायल

**इटावा।** जनपद के अलग अलग स्थानों पर हुईं मारपीट की घटनाओं में पांच लोग घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

थाना ऊसराहार क्षेत्र के अंतर्गत नगला बलसिंह में विपक्षियों ने मारपीट कर गंगा प्रसाद 52 वर्ष पुत्र राम भरोसे लाल निवासी नगला बलसिंह को घायल कर दिया। थाना फ्रेंड्स कालोनी क्षेत्र के अंतर्गत विजय नगर निवासी दीपा सेंगर 24 वर्ष पत्नी विकास मारपीट में घायल हो गईं। थाना ऊसराहार क्षेत्र के अंतर्गत शाहपुरा में मारपीट की घटना में अंजली 24 वर्ष पत्नी अंशुल निवासी शाहपुरा घायल हो गईं। थाना कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत धुमनपुरा में विपक्षियों ने मारपीट कर रचना 26 वर्ष पत्नी बौबी निवासी धूमनपुरा को घायल कर दिया। थाना बसरेहर क्षेत्र के अंतर्गत किल्ली सुल्तानपुर निवासी मोनारानी 42 वर्ष पत्नी शिवलाल को गांव में विपक्षियों ने मारपीट कर घायल कर दिया।

# वर्षों से लंबित समस्याओं को सुना

संवाददाता सैफई इटावा

**अमृत विचार।** ग्राम पंचायत हरदोई में मंगलवार को प्रशासनिक अधिकारियों की टीम ने चौपाल लगाकर ग्रामीणों की वर्षों से लंबित समस्याएं सुनीं और निस्तारण के लिए संयुक्त टीमें गठित करने के निर्देश दिये। चकबंदी के बाद कब्जा परिवर्तन न मिलने से परेशान ग्रामीणों ने अधिकारियों के समक्ष खुलकर अपनी समस्याएं रखीं। एडीएम (न्यायिक) संदीप कुमार श्रीवास्तव, एसडीएम सिद्धार्थ चौधरी और तहसीलदार मोहम्मद असलम, नायब तहसीलदार अलख शुक्ल ने मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों से संवाद किया।

ग्राम प्रधान सर्वेश बाबा के अथक प्रयासों के बाद यह चौपाल आयोजित कराई गई। ग्रामीणों ने बताया कि चकबंदी के बाद उन्हें उनके खेतों का कब्जा अब तक नहीं मिला है। इस कारण वे लगातार एसडीएम, डीएम और अन्य अधिकारियों के कार्यालयों के चक्कर काटने को विवश हैं, लेकिन उनकी सुनवाई नहीं हो पा रही थी। लंबे समय से लंबित इन समस्याओं को लेकर गांव में रोष की स्थिति थी। चौपाल में अधिकारियों ने आश्वस्त किया कि जल्द ही कब्जा परिवर्तन की प्रक्रिया को पूरा किया जाएगा और इसके लिए चकबंदी व राजस्व विभाग की संयुक्त टीमें गठित कर गांव में अभियान चलाया जाएगा।



चौपाल में किसानों की समस्याएं सुनते अधिकारी।

● चौपाल लगाकर अधिकारियों ने सुनीं समस्याएं, निस्तारण के लिये गठित की टीम

चकबंदी टीम में नरेंद्र वर्मा राकेश कुमार कानूनगो, प्रवेश कुमार लेखपाल और अंकित यादव लेखपाल को शामिल किया गया है। वहीं, राजस्व टीम में अलख शुक्ला नायब तहसीलदार, बलवीर सिंह राजस्व निरीक्षक, पुष्पेंद्र सिंह लेखपाल और अनुराग शुक्ला (लेखपाल) को जिम्मेदारी सौंपी गई है। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि गांव में चकरोड, नाली, तालाब, श्मशान व अन्य ग्रामसभा की भूमि पर हुए अवैध कब्जों को भी चिन्हित कर हटाने की कार्रवाई की जाएगी।

# बाइक डिवाइडर से टकराई युवक की मौत, एक घायल

संवाददाता इकदिल इटावा

**अमृत विचार।** दोस्त के साथ बाइक से जा रहे एक युवक की बाइक अनियंत्रित होकर हाईवे पर ग्राम बिरारी के पास डिवाइडर से टकरा गई। बाइक के टकराने से दोनों सड़क पर जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों घायलों को जिला अस्पताल भिजवाया। रास्ते में एक युवक की मौत हो गई। दूसरे की गंभीर हालत को देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद पीजीआई भेज दिया।

● हाईवे पर गांव बिरारी के पास हुआ हादसा

इटावा जिले के बसरेहर थाना क्षेत्र के ग्राम खडकोली निवासी हीरालाल का 19 वर्षीय पुत्र अभिषेक पाल अपने दोस्त रतन पुत्र रामनरेश उम्र करीब 23 वर्ष निवासी बकेवर के साथ बाइक से किसी काम से बकेवर जा रहा था। जब उसकी बाइक इकिदल थाना क्षेत्र के अंतर्गत हाईवे पर गांव बिरारी के पास पहुंची तभी बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई, जिससे दोनों को चोटें आ गई। राहगीरों ने दुर्घटना की सूचना इकदिल पुलिस को दी। इस पर पुलिस ने गंभीर रूप से घायल दोनो लोगों को जिला अस्पताल भिजवाया, जहां रास्ते में अभिषेक पाल की मौत हो गई। रतन की हालत गंभीर होने की वजह से प्राथमिक उपचार के बाद सैफ़ई मेडिकल कॉलेज रैफर कर दिया गया।

# मोदी ने विश्व में फहराया भारत का परचम

कार्यालय संवाददाता इटावा

**अमृत विचार।** महिला कल्याण निगम की सभापति व भाजपा की संगठनात्मक जिला प्रभारी कमलावती सिंह ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत का परचम पूरे विश्व में लहरा रहा है। बीजेपी सरकार बिना भेदभाव के हर शोषित वंचित के लिए कार्य कर रही हैं। सरकार ने महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देकर सशक्त करने का काम किया हैं।

केंद्र सरकार के 11 साल पूरे होने पर आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि 2014 से पहले भारत की स्थिति वर्तमान स्थिति से बिल्कुल ही विपरीत थी। इन 11 वर्षों में बड़ी-बड़ी उपलब्धियां हासिल की गई है। भारत आज विश्व में चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था बनकर उभर रहा है। निवर्तमान जिलाध्यक्ष संजीव राजपूत ने कहा कि कार्यकर्ताओं के दम पर भाजपा देश ही नहीं अपितु विश्व का सबसे बड़ा राजनीतिक संगठन है। भाजपा जिलाध्यक्ष अन्नू गुप्ता ने पार्टी के आगे के कार्यक्रमों के बारे में जानकारी दी। 9 जून से 9 जुलाई तक बदलता भारत मेरा अनुभव डिजिटल प्रतियोगिता चलेगी। 13 से 15 जून तक मंडल स्तर पर अभियान होगा। संचालन अभियान संयोजक व जिला महामंत्री शिवाकांत चौधरी ने किया।



कार्यक्रम को संबोधित करतीं कमलावती सिंह व मंच पर मौजूद अन्य पदाधिकारी।

पूर्व सांसद द्वय रघुराज शाक्य, प्रेमदास कठेरिया, पूर्व विधायक सावित्री कठेरिया, पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ रमाकांत शर्मा, गोपाल मोहन शर्मा, अभियान सह-संयोजक त्रिय जितेंद्र गौड़, रजत चौधरी, राजकमल यादव, विवेक भदौरिया, शिव किशोर धनगर, विरला शाक्य, जिला मीडिया प्रभारी रोहित शाक्य, मंडल अध्यक्ष अनुग्रह आदि रहे।

## ईद उल अज़हा की नमाज आज होगी अदा

**इटावा।** ईदगाह कमेटी के सेकेटरी डॉ. मोहम्मद अफजल ने बताया कि ईदगाह में ईद उल अज़हा (बकरीद) की नमाज 7 जून दिन शनिवार को दो शिफ्टों में ईदगाह परिसर में होगी। पहली शिफ्ट में मौलाना कमालउद्दीन अशरफी सुबह 6.45 पर और दूसरी शिफ्ट में मौलाना फरहान बरकाती सुबह 7.45 पर नमाज अदा कराएंगे।

शिया समाज की ओर से राहत अक़ील, शावेज़ नक़वी ने बताया कि चाणक्य होटल स्थित ईदगाह में ईद उल अज़हा (बकरीद) की नमाज 7 जून दिन शनिवार को सुबह 7.30 पर ईदगाह परिसर में होगी। मौलाना अनवारुल हसन ज़ैदी इमामे जुमा इटावा नमाज अदा कराएंगे। इस दौरान तमाम लोग मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### एनालाइजर मशीन के खराब होने से मरीज परेशान

**बकेवर।** 50 शैया अस्पताल में लीवर किडनी फंक्शन की जांच करने वाली एनालाइजर मशीन 15 दिन से खराब पड़ी है। जिसके कारण मरीजों की लीवर किडनी फंक्शन की जांचें नहीं हो पा रही है। बकेवर के 50 शैया अस्पताल में पिछले साल अस्पताल प्रशासन ने मरीजों की लीवर किडनी फंक्शन की जांच के लिए एलएफटी, केएफटी मशीन मंगवा ली थी जिससे मरीजों की खून की सीवीसी जाँच के साथ लीवर, किडनी फंक्शन की जा रही थी मशीन को चालू हुए करीब 8माह हुए है। पिछले 15 दिन से केएफटी एलएफटी मशीन खराब हो गई जिसके कारण अस्पताल में आने वाले मरीजों की लीवर, किडनी फंक्शन की जांच नहीं हो पा रही है। एलएफटी केएफटी मशीन चालू होने के बाद अस्पताल में 50 से अधिक मरीजों की खून की लीवर व किडनी फंक्शन की जांच एलएफटी केएफटी मशीन से हो रही थी। परंतु एनालाइजर मशीन खराब हो जाने के कारण अब पुनः जांच बंद हो गई है। 8 माह में ही आई नई मशीन के खराब हो जाने पर मशीन पर सवालिया निशान खड़ा हो रहा है। इस संबंध में 50 शैया अस्पताल के सीएमएस डॉक्टर वीरेंद्र भारती ने बताया मशीन को सही करने के लिए मैकेनिक बुलवाया गया है। जल्द ही उसको सही करा दिया जाएगा।

### धर्मार्थ सेवा शाखा ने वितरित किया शरबत

**इटावा।** भारत विकास परिषद धर्मार्थ सेवा शाखा द्वारा जिला अस्पताल परिसर में चलाई जा रही शीतल जल सेवा प्याऊ स्थल पर शाखा के वरिष्ठ सदस्य अरविंद कुमार पोरवाल के सौजन्य से शुक्रवार को निर्जला एकादशी पर्व के लोगों को शरबत का वितरण किया गया। इस अवसर पर शाखा के सचिव महेश कुमार बाथम, महिला सहभागिता प्रमुख सरिता चतुर्वेदी, प्रतिभा अवस्थी, घनश्याम तिवारी, एस एन दुबे, महेश चंद्र तिवारी अलकापुरी, राजेंद्र कुमार दीक्षित, बी एन मिश्रा, आचार्य महेश तिवारी, कौशल चंद्र चतुर्वेदी, रमाकांत पाठक, शैलेन्द्र कुमार त्रिपाठी, सुधीर मिश्र, जितेंद्र कुमार शुक्ला, मुजफ्फर अली, दिनेश राजपूत, गौतम आदि ने लोगों को शरबत वितरण में सहयोग किया। संयोजक अरविंद पोरवाल ने सभी का आभार जताया।

### शिल्पकारी प्रशिक्षण हेतु आवेदन करें

**इटावा।** जिला ग्रामोद्योग अधिकारी संजीव कुमार सिंह ने बताया कि उ.प्र. माटीकला बोर्ड संचालित माटीकला कौशल विकास योजना के अन्तर्गत तहसील द्वारा चिन्हित मिट्टी का कार्य करने वाले शिक्षित एवं बेरोजगार युवाओं एवं युवतियों के लिए 15 दिवसीय शिल्पकारी प्रशिक्षण हेतु 15 लाभार्थियों का लक्ष्य प्राप्त है। उक्त योजना में शामिल युवक/युवतियों की उम्र 18 वर्ष पूर्ण कर चुके हो वह समस्त संलग्नकों आधार कार्ड, मूल निवास प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, ग्राम प्रधान द्वारा जनसंख्या प्रमाण पत्र, दो फोटो, परिवार रजिस्टर, राशन कार्ड, आय प्रमाण पत्र, प्रोजेक्ट रिपोर्ट सहित प्रपत्रों की हार्ड कॉपी स्वहस्ताक्षरित कर अपना आवेदन 15 जुलाई तक ऑन लाइन माध्यम से वेबसाइट पर आवेदन कर सकते है।

### लाइन मैन ने एसएसओ पर लगाया धमकी देने का आरोप

**महेवा।** थाना बकेवर क्षेत्र के अंतर्गत महेवा बिजली घर पर तैनात संविदा लाइन मैन को बिजली घर पर तैनात एस एस ओ द्वारा जानमाल की धमकी एवं जाति सूचक गालियां देने का मामला सामने आया है। वहीं भयभीत लाइन मैन ने पुलिस चौकी पर इस संबंध में लिखित तहरीर देकर कार्यवाही करने की गुहार लगाई गई है। ग्राम भवानीपुर निवासी लाइन मैन गीतम सिंह पुत्र हरीबाबू ने चौकी प्रभारी महेवा को दिए प्रार्थना में बताया कि बिजली घर पर तैनात एस एस ओ योगेश यादव ने उसे फोन पर न केवल जानमाल की धमकी दी बल्कि जातिसूचक गालियां देते हुए उसे करंट छोड़कर मार देने की भी चेतावनी दी है। वह उक्त घटना के बाद भयभीत है। इस बारे में चौकी प्रभारी महेवा के पी सिंह ने बताया कि प्रार्थना पत्र प्राप्त हुआ है जांच की जा रही है।

### युवक हुआ जहरखुरानी का शिकार

**इटावा।** थाना सिविल लाइन क्षेत्र के अंतर्गत इटावा रेलवे स्टेशन पर जहरखुरानों ने कार्तिकेय तिवारी 24 वर्ष पुत्र शैलेन्द्र तिवारी निवासी महेवा बकेवर को नशीला पदार्थ खिला दिया जिससे वह बेहोश हो गया, जहरखुरान उसका सामान ले गए। युवक को अचेत अवस्था में उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### अज्ञात वाहन ने बाइकों में मारी टक्कर तीन घायल

**जसवंतनगर।** गुरुवार शाम को भागवत का भंडारा खाने अलग अलग बाइकों से जा रहे तीन लोगों को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे तीनो गंभीर रूप से घायल हो गए। क्षेत्र के गांव बीबामऊ निवासी प्रशांत पांडे व अंशुल एक बाइक पर व दूसरी बाइक पर अभिषेक निवासी नगला विचू शाहजहां पुर में भंडारा खाने के लिए जा रहे थे तभी नगला नवल के पास अज्ञात वाहन ने बाइकों में टक्कर मार दी, जिससे तीनों घायल हो गए। उनकी गंभीर हालत को देखते हुए पीजीआई भेजा गया है।

## दबंगों ने रेस्टोरेंट संचालक को पीटा

**बकेवर।** कस्बे के औरैया मार्ग पर रेस्टोरेंट मालिक द्वारा ग्राहक से नाश्ता के पैसे मांगने पर नाराज़ ग्राहक ने अपने साथियों के साथ मिलकर रेस्टोरेंट संचालक और उसके भाई को दौड़ा-दौड़ा कर पीटा। बीच बचाव करने आए दो अन्य ग्राहकों से भी मारपीट करने के साथ एक कार और बाइक में भी तोड़ फोड़ की।

क्षेत्र के ग्राम शेरपुर कोठी निवासी सत्यम ने पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि कस्बा बकेवर निवासी नामजद तीन आरोपी उनके रेस्टोरेंट में आए और उन्होंने सामान की खरीदारी की। जब उसने पैसे मांगे तो आरोपी गाली-गलौज करने लगें उसने गाली देने का विरोध किया तो तीनों लोगों ने उसके साथ मारपीट करनी शुरू कर दी। उसका भाई व अन्य दो ग्राहक उसे बचाने आए तो आरोपियों ने उनको भी पीटा। जिसपर रेस्टोरेंट संचालक और उसके भाई ने भाग कर खुद को एक कमरे बंद कर लिया। बौखलाहट में आरोपियों ने रेस्टोरेंट मालिक की कार व बाइक को ईंट पत्थर मारकर छतिग्रस्त कर दिया। पुलिस को देखकर आरोपी मौके से भाग गये।

# योग से रहें निरोग के तहत छात्र-छात्राएं कर रहे योग



योग करते इंजीनियरिंग के छात्र-छात्राएं।

कार्यालय संवाददाता इटावा

**अमृत विचार।** कृषि अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी महाविद्यालय, मत्स्य विज्ञान एवं शोध केंद्र तथा दुग्ध प्रौद्योगिकी महाविद्यालय में अधिष्ठाता डॉक्टर एन के शर्मा के नेतृत्व में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम श्रृंखला का आयोजन योग वाटिका में किया जा रहा है।

इस कार्यक्रम में प्रतिदिन 100 से अधिक छात्र-छात्राएं शिक्षक एवं कर्मचारी योग के साथ-साथ मेडिटेशन का लाभ उठा रहे हैं। मेडिटेशन के लिए प्रशिक्षक डॉक्टर ज्ञानेंद्र सिंह एवं डॉ रक्षा सिंह द्वारा छात्र-छात्राओं को मेडिटेशन का अभ्यास कराया जा रहा है।

इस कार्यक्रम में तीनों महाविद्यालयों के छात्र एवं छात्राएं शिक्षक एवं कर्मचारी बड़े ही उत्साह के साथ सहभागिता कर रहे हैं। अधिष्ठाता ने कहा कि प्रांगण के विकसित योग वाटिका प्रकृति और सौंदर्य का आशियाना में सुबह 6:30 बजे सभी छात्र-छात्राएं शिक्षक एवं कर्मचारी एकत्रित होकर योग करके अपने जीवन को सफल एवं स्वस्थ बनाएं। महाविद्यालय के अधिष्ठाता ने इच्छुक छात्र-छात्राओं से बीटेक कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग, मैकेनिकल इंजीनियरिंग तथा इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग में प्रवेश लेने को कहा।

## कार और बाइक भिड़ंत में चार लोग घायल, भर्ती

**इटावा।** थाना बढ़पुरा क्षेत्र के अंतर्गत नगला गौर के पास कार और बाइक के बीच हुई भिडंत में तीन कार सवार और एक बाइक सवार सहित चार लोग गम्भीर रूप से घायल हो गए।

जानकारी के अनुसार शैलेन्द्र भदौरिया 45 वर्ष पुत्र रमेश भदौरिया, अनामिका 25 वर्ष पत्नी शैलेंद्र भदौरिया व रेखा 42 वर्ष पत्नी प्रमोद भदौरिया निवासी डी डी नगर थाना महाराज पुरा ग्वालियर मध्य प्रदेश कार द्वारा ग्वालियर से इटावा आ रहे थे तभी नगला गौर के पास कार की टक्कर बाइक से हो गई जिसमें तीनों कार सवार सहित बाइक चालक सोनू उर्फ शरद कुमार 25 वर्ष पुत्र किशन पाल निवासी कुनैरा फ्रेंड्स कालोनी इटावा गम्भीर रूप से घायल हो गए। चारों घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां डॉक्टर ने हालत गम्भीर होने पर शैलेंद्र भदौरिया को पीजीआई सैफई रिफर कर दिया। वहीं बाकी लोगों का भी इलाज जारी है। पुलिस का कहना है कि अभी कोई तहरीर नहीं मिली है।

# गंगा समग्र ने उतारी मां यमुना की आरती



यमुना की आरती उतारते भक्त गण। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता इटावा

**अमृत विचार।** गंगा दशहरा के अवसर पर गंगा समग्र की जिला इकाई ने यमुना तट स्थिति प्राचीन श्री ग्यारह रुद्रेश्वर महादेव व पीताम्बरा धाम मंदिर परिसर में भव्य गंगा व यमुना आरती का आयोजन किया गया। दीपोत्सव भी मनाया गया, एक साथ जले सैकड़ो दीपों से मंदिर व यमुना तट जगमग हो उठा।

गंगा समग्र के तत्वावधान में कई वर्षों से प्रत्येक पूर्णिमा पर गंगा व यमुना आरती के साथ दीपोत्सव का आयोजन किया जाता है। आरती में शामिल होने के लिए काफी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं। गंगा दशहरा के अवसर पर हुई महाआरती का शुभारंभ पीतांबरा धाम मंदिर के पुजारी पंडित अजय दुबे भागवताचार्य पंडित किशन स्वरूप दुबे व पंडित कार्तिकेय दुबे ने मंत्रोच्चार के बीच किया। आरती से पूर्व भक्तों के द्वारा सैकड़ों की संख्या में दीप भी जलाए। महा आरती के मौके पर राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के नगर कार्यवाह सर्वजीत भदौरिया, कल्पना चौहान, यमुना भाग संयोजक गंगा समग्र अवनीन्द्र सिँह, अभिनेन्द्र चौहान, सह संयोजक प्रांजल दुबे, अर्चना मौजूद रहीं।

● दीपोत्सव का भी हुआ आयोजन, बांटा शरबत

विश्व पर्यावरण दिवस

इस्लामियां इंटर कालेज के प्रांगण में छायादार व फलदार पौधों का किया गया रोपण

# पौधों के रोपण के साथ रखरखाव बेहद जरूरी : मुकेश

कार्यालय संवाददाता इटावा

**अमृत विचार।** विश्व पर्यावरण दिवस पर इस्लामियां इंटर कालेज प्रांगण में पौधारोपण किया गया जिसमें विभिन्न प्रकार के छायादार, शोभादार व फलदार पौधों का रोपण सहजिला विद्यालय निरीक्षक एवं जिला विज्ञान क्लब के समन्वयक मुकेश यादव एवं प्रधानाचार्य परिषद के महामंत्री संजय शर्मा द्वारा किया गया।



पौधारोपण करते सह जिला विद्यालय निरीक्षक व अन्य लोग।

पर्यावरण संगोष्ठी में मुख्य अतिथि मुकेश यादव ने कहा कि पौधों के रोपण के साथ उनका रख रखाव बेहद महत्वपूर्ण है। विशिष्ठ अतिथि महामंत्री प्रधानाचार्य परिषद संजय शर्मा ने कहा पौधे हमारे जीवन के लिए बेहद जरूरी है। इस अवसर पर पर्यावरण संरक्षण के लिए गणित इको क्लब के सदस्यों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम के संयोजक और इस्लामियां इण्टर कालेज के प्रधानाचार्य गुफरान अहमद ने मुख्य अतिथि, विशिष्ठ अतिथियो का बुके देकर सम्मान किया। एच एन पब्लिक इण्टर कालेप के चेयरमैन पवन प्रताप सिंह, चित्रगुप्त इण्ट कालेज प्रधानाचार्य डॉ उमेश यादव, क्रीड़ा प्रभारी नाजिश इकवाल, मो. अनवर, फैजान, नूर हुदा, शाहिद अख्तर आदि ने पर्यावरण संगोष्ठी में प्रतिभाग किया।




पौधरोपण करते डॉ. प्रत्यूष तिवारी व प्रधानाचार्य सुनील अवस्थी। अमृत विचार

पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से जी0सी0 जीनियस पब्लिक स्कूल में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर विशेष पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिवार ने सड़क के किनारे कुल 21 पौधे लगाकर हरियाली का संदेश दिया। अध्यक्षता विद्यालय के चेयरमैन डॉ. प्रत्युष कुमार तिवारी ने की। उन्होंने कहा कि वृक्ष धरती के फेफड़े हैं, इन्हें बचाना और बढ़ाना हम सबकी जिम्मेदारी है। विद्यालय के प्रधानाचार्य सुनील दत्त अवस्थी ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल एक दिन का कार्य नहीं है, बल्कि यह एक सतत प्रक्रिया है।

### एनसीसी कैडेट्स ने किया पौधारोपण

**बकेवर।** पुनीत सागर अभियान के तहत विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर जनता कॉलेज में लेफ्टिनेंट ब्रह्मानंद के निर्देशन में पर्यावरण जागरूकता संगोष्ठी एवं पौधा रोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पर्यावरण जागरूकता संगोष्ठी में कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे डॉक्टर एके पांडे ने सभी कैडेट्स को विश्व पर्यावरण दिवस की उपयोगिता बताते हुए महत्वपूर्ण जानकारियां साझा की उन्होंने कहा की विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर हमें पौधारोपण का संकल्प लेना चाहिए।

# फांसी के फंदे से लटका मिला युवती का शव

संवाददाता भरथना इटावा

**अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सालिमपुर में बीएससी की छात्रा निशा 20 वर्ष पुत्री सुनील कुमार का शव घर के आंगन में गमछे से फंदे पर लटका मिला।

छात्रा के पिता सुनील कुमार प्रजापति रोज की तरह दुकान खोलने घर से निकले ही थे कि तभी उनकी नजर बरामदे में लटकी अपनी बेटी के शव पर पड़ी। चीख पुकार सुनकर घर के सदस्य दौड़ते हुए आए और निशा के शव को फंदे से उतारा। परिजनों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। भरथना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल की जांच पड़ताल की। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भिजवा दिया गया। भरथना प्रभारी निरीक्षक देवेंद्र सिंह का कहना है कि फिलहाल मामला प्रथम दृष्टया आत्महत्या का है फिर भी जांच पड़ताल की जा रही है।

### जहर खाने से युवक की गई जान

**इटावा।** थाना वैदपुरा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम कुंजपुरा में किसी बात से नाराज होकर एक युवक ने किसी जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। उसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उसकी मौत हो गई। उक्त गांव निवासी अरुण कुमार 40 वर्ष पुत्र राम शंकर ने किसी बात पर नाराज होकर विषाक्त पदार्थ का सेवन कर लिया। हालत बिगड़ने पर परिवार के लोगों को जानकारी हुई। परिवार के लोगों ने उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया जहां उसकी मौत हो गई। सूचना मिलने पर थाना वैदपुरा पुलिस मौके पर पहुंची और शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# पूजन सामग्री विसर्जन करने गया युवक नहर में डूबा, मौत

## अछल्दा थाना क्षेत्र के तेहराजपुर गांव का मामला

संवाददाता, अछल्दा, औरैया

**अमृत विचार।** अखंड पाठ के समापन के बाद पूजन सामग्री का विसर्जन करने गया युवक नहाते हुए नहर में डूब गया। परिजन आनन-फानन में सीएचसी लेकर पहुंचे जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया।


अनूप कुमार।


घटनास्थल पर जांच-पड़ताल करती पुलिस। अमृत विचार

गांव तेहराजपुर निवासी (36) अनूप कुमार उर्फ सोनू पुत्र गयाशंकर बाथम के घर पर बुधवार को अखंड पाठ का आयोजन शुरू हुआ। समापन गुरुवार को होने बाद शुक्रवार सुबह फूलडोर विसर्जन गांव से जा रहे थे। गांव के नगरिया बंबा पर आकर सामग्री को जल प्रवाह करने के बाद अन्य लोग घर चले गए। जबकि सोनू कुछ साथियों के साथ वाहन से निचली गंग नहर गांव तुर्कपुर के पास बुन्देलखण्ड एक्सप्रेस-वे पुल के पास पंहुचकर नहाने लगा। इस दौरान एक किशोर और युवक डूबने लगा साथ में नहा रहे साथियों की चीख पुकार सुनकर स्थानीय लोग दौड़ पड़े और नहर में कूद कर किशोर को बचा लिया और साथी सोनू को नहर से बाहर निकालकर आनन-फानन में सीएचसी अछल्दा लेकर पहुंचे। वहां चिकित्सक अमरदीप चौधरी ने उसे मृत घोषित कर दिया। जानकारी पर अस्पताल पहुंचे थाना प्रभारी निरीक्षक रमेश सिंह और कस्बा प्रभारी बृजेश सिंह ने पुलिस बल के साथ सीएचसी पहुंचकर परिजनों से जानकारी ली। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सोनू तीन भाइयों में सबसे छोटा था भाई अनिल कुमार की पत्नी आरती देवी, गोपाल 6 वर्ष, कृष्णा 3 वर्ष का रो-रोकर बुरा हाल है।

# सड़क हादसे में घायल युवक की इलाज के दौरान थम गईं सांसें

**अछल्दा, औरैया।** थाना क्षेत्र के गांव लालपुर निवासी दिलीप कुमार (30) पुत्र रमेश सिंह बाथम 3 मई शाम ई-रिक्शा से अपने पिता के साथ गांव बघुआ जा रहे थे बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे होते हुए जा रहे थे। तभी गांव छछूंद के पास बने बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे पुल के पास अछल्दा की ओर से आ रही कार ने ई-रिक्शा में टक्कर मार दी थी। टक्कर लगने से ई-रिक्शा पलट गया, जिससे दिलीप कुमार गंभीर रूप से घायल हो गया था। घायल अवस्था में कार चालक अपनी कार से लेकर मोतीझील इटावा अस्पताल पहुंचा। उसके बाद कार लेकर फरार हो गया। एक घंटे बाद डॉक्टर ने हालत गंभीर होने के कारण पीजीआई सैफई रेफर कर दिया।


रोते-बिलखते परिजन। अमृत विचार

- 3 मई को ई-रिक्शा पलटने से हुआ था घायल

घटना के छह दिन बाद दिलीप कुमार की शुक्रवार सुबह उपचार के दौरान मौत हो गई। घटना की सूचना परिजनों को मिलते ही घर में कोहराम मच गया। सैफई पुलिस द्वारा शुक्रवार को पोस्टमार्टम करा कर मृतक के शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। मृतक की एक वर्ष पूर्व अंचल देवी से शादी हुई थी पत्नी 5 माह की गर्भवती है। जिसका रो-रोकर बुरा हाल बना हुआ है। मृतक चार भाई दो बहनों में से सबसे बड़ा था। पूरे परिवार का भरण पोषण करता था।

# जल निगम, समाज कल्याण के अधिकारियों को डीएम ने चेताया

कार्यालय संवाददाता, औरैया

**अमृत विचार।** कलेक्ट्रेट स्थित कार्यालय कक्ष में डीएम ने जूम मीटिंग के माध्यम से प्राप्त शिकायती मामलों सहित अन्य कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि आईजीआरएस, सीएम हेल्प लाइन तथा जनता दर्शन आदि के माध्यम से प्राप्त होने वाले शिकायती प्रार्थना पत्रों जो डिफॉल्ट की श्रेणी में हों उन्हें अवकाश को दृष्टिगत रखते हुए आज ही प्रत्येक दशा में गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण कर संबंधित से संवाद करते हुए अवगत कराएं।

डीएम डॉ. इन्द्रमणि त्रिपाठी ने अधिशासी अभियंता जल निगम (ग्रामीण) व जिला समाज कल्याण अधिकारी को निर्देशित किया कि मामलों के निस्तारण में बरती जा रही शिथिलता के कारण जनपद का संतुष्टि प्रतिशत का ग्राफ बढ़ नहीं रहा है, यह बहुत ही आपत्तिजनक है। उन्होंने कहा कि इसमें सुधार लाएं, जिससे शिकायतों के निस्तारण में संतुष्टि प्रतिशत बढ़े तथा आने वाली शिकायतों में गिरावट हो अन्यथा कि स्थिति में कार्रवाई की जाएगी। कार्यों की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने जनपद के निर्माणाधीन आंगनवाड़ी केन्द्रों की प्रगति कम पाए जाने पर संबंधित खंड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया कि भिन्न-भिन्न स्तर पर निर्मित आंगनवाड़ी केन्द्रों को संबंधित कार्यदायी संस्था से संपर्क कर गुणवत्ता के साथ शीघ्र पूर्ण कराएं, जिससे उन्हें उपयोग में लाया जा सके। उन्होंने सभी संबंधितों को फैमिली आईडी व फार्मर रजिस्ट्री के कार्य में तेजी से कार्य करते हुए प्रगति बढ़ाने को भी कहा।

## एक नजर

### भाई-बहन को पीटा

**अयाना।** थाना के गांव प्रेमनगर निवासी अनीता ने पुलिस को तहरीर दी। बताया कि चार जून की शाम को गांव का बैजनाथ व उसका बेटा साहिल दरवाजे पर आकर पति को गालियां दे रहा था। इसपर उसके बेटे रोहित ने विरोध किया तो आरोपी उसके साथ मारपीट करने लगे। बचाने पहुंची बेटी के साथ भी आरोपियों ने मारपीट की। थानाध्यक्ष अजय कुमार ने बताया कि तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

### तमंचे के साथ युवक गिरफ्तार

**अयाना।** बबाइन चौकी प्रभारी अवनीश कुमार ने गुरुवार रात को टीम के साथ सेंगनपुर के भौंतापुर तिराहे के पास घेराबंदी कर कोठी अजीतमल निवासी बंटी उर्फ बाबा उर्फ रमेश बाबू को पकड़ लिया। तलाशी में पुलिस ने उसके पास से एक तमंचा व दो कारतूस बरामद किए। थानाध्यक्ष अजय कुमार ने बताया कि आरोपी के खिलाफ आयुध अधिनियम के तहत रिपोर्ट दर्ज कर कोर्ट में पेश किया गया।

### बंदर ने बुजुर्ग को काटा

**फफूंद, औरैया।** आये दिन कटखने बंदरों का आतंक बढ़ता जा रहा है। 70 वर्षीय बदन सिंह पुत्र स्व. पातीराम दोहरे निवासी फक्कड़पुर फफूंद काफी समय से अपने बच्चों के साथ ख्यालीदास तिराहे से फल की ठिलिया लगाकर अपना जीवन यापन कर रहे हैं। गुरुवार की शाम वह अपनी फल की ठिलिया पर खड़े थे। तभी कटखने बंदर ने बुजुर्ग पर हमला बोल दिया जिससे वह जख्मी हो गए। आनन-फानन में उनके बच्चों ने निजी डाक्टर के यहां लेकर पहुंचे जहां उनका उपचार किया गया। बताते चलें कस्बे में इन दिनों बंदरों का आतंक बहुत ज्यादा है।कई लोगों को कटखने बंदर निशाना बना चुके हैं। तथा कई बार अखबारो मे खबरें भी प्रकाशित हो चुकी है। फिर भी जिम्मेदार बने हुए हैं मौन आखिर कब होगी सुनवाई जिससे आम नागरिक राहत की सांस ले सकें।

### आईटीआई में प्रवेश की अंतिम तिथि 22 जून

**अटसू, औरैया।** राजकीय एवं निजी आईटीआई में टाटा टेक्नोलोजी लि. के सहयोग से शुरू किये गए दीर्घकालिक व्यवसायों में प्रवेश के लिए आवेदन की तिथि 22 जून कर दी गई है। यह जानकारी आईटीआई के नोडल प्रधानाचार्य इंजी. संजीव कुमार ने देते हुए बताया कि पूर्व में ऑनलाइन आवेदन की निर्धारित तिथि को बढाकर 22 जून की गई है।

# महिला का शव फंदे से लटका मिला

संवाददाता, रुरुगंज, औरैया

**अमृत विचार।** बिधूना कोतवाली के गांव देवरांव में संदिग्ध परिस्थितियों में महिला ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। जब परिजनों ने शव लटकता देखा तो कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच-पड़ताल करते हुए मृतका के मायके पक्ष के लोगों को सूचना दी। पुलिस मामले की जांच कर रही है।


डिंपल।


रोते-बिलखते परिजन। अमृत विचार

रुरुगंज पुलिस चौकी के अंतर्गत गांव देवरांव निवासी चन्द्रकिशोर रैदास गुजरात के अहमदाबाद में एक प्राइवेट कंपनी में नौकरी करता है। गांव में घर पर 32 वर्षीय पत्नी डिंपल दोनों बेटों राम और श्याम व 80 वर्षीय सास रामकेशी के साथ रहती थी। गुरुवार शाम को खाना खाने के बाद घर मे सभी लोग सो गए थे, करीब 11 बजे सास रामकेशी जागी तो उन्हें डिंपल नजर नहीं आई। अंदर जाकर देखा तो कमरे में पंखा के लिए लगाए गए पाइप में दुपट्टे से शव लटकता नजर आया, परेशान वृद्ध महिला ने दोनों पुत्रों को जगाया,जिनके चिल्लाने पर आसपास के लोग पहुचे और शव को नीचे उतारा।स्वजनों द्वारा पति चंदकिशोर को सूचना दी गई। रात में सुबह पुलिस को सूचना नही दी गई। अजीतमल थाना के गांव अमावता में डिंपल का मायका था सुबह मायके पक्ष के लोग पहुचे और वापस लौट गए। मृतिका के जेठ केशव दयाल दिल्ली स्थित एक कंपनी में नौकरी करता है। शुक्रवार दोपहर करीब दो बजे जब वह घर पहुचे तो डायल 112 पर सूचना दी। सूचना मिलते ही सीओ बिधूना पी पुनीत मिश्रा, थानाध्यक्ष मुकेश बाबू चौहान, रुरुगंज चौकी इंचार्ज अजय प्रताप सिंह मौके पर पहुचे और स्वजनों से बीतचीत करते हुए घटना की जांच शुरू की, जिसके बाद जेठ केशव दयाल द्वारा दी गई सूचना पर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतका के मायके पक्ष के लोगों ने मारकर शव को लटकाए जाने का आरोप लगाया है। कोतवाल मुकेश बाबू चौहान ने बताया कि फांसी की सूचना मिली थी, शव को पोस्टमार्टम को भेजा गया है।

- मायके पक्ष ने हत्या कर शव लटकाने का लगाया आरोप

# छेड़खानी के दोषी को 5 वर्ष का कठोर कारावास

कार्यालय संवाददाता, औरैया

**अमृत विचार।** थाना अजीतमल क्षेत्र के अंतर्गत करीब छह वर्ष पूर्व एक 11 वर्षीय छात्रा से छेड़खानी के मामले में न्यायालय ने शुक्रवार को फैसला सुनाया। विशेष न्यायाधीश पाक्सो अधिनियम अखिलेश्वर प्रसाद मिश्र ने दोषी शिक्षक दिनेश राठौर को पांच वर्ष के कठोर कारावास की सजा से दंडित किया है। उस पर 25 हजार रुपये अर्थदंड भी लगाया।



उक्त मामले में अभियोजन पक्ष से पैरवी कर रहे विशेष लोक अभियोजक पाक्सो मृदुल मिश्रा ने बताया कि थाना दिबियापुर क्षेत्र का यह छह वर्ष पुराना मामला है। वादिनी ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसकी 11 वर्षीय पुत्री कक्षा पांच में एक प्राथमिक विद्यालय में पढ़ने जाती है। 20 नवंबर 2018 को वह प्रतिदिन की तरह स्कूल गई थी। तभी दोपहर 12 बजे स्कूल में शिक्षक दिनेश राठौर ने आवाज देकर पुत्री को आफिस में कापी जांचने की बात कहकर बुलाया। छात्रा जब आफिस में पहुंची तो शिक्षक ने कापी मेज पर रख दी और छात्रा का हाथ पकड़कर अश्लील छेड़खानी करने लगा। इस पर बच्ची चीख पड़ी। आवाज सुनकर स्कूल की शिक्षिका समेत बच्चे वहां पर पहुंचे और पीड़िता को बचाया। शिक्षक वहां से भाग गया। वादिनी अनुसूचित जाति की महिला है। इस तहरीर पर दिबियापुर में उक्त शिक्षक के खिलाफ रिपोर्ट दर्जकर आरोप पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया गया।

यह मुकदमा विशेष न्यायालय पाक्सो अधिनियम कोर्ट में चला। विशेष अभियोजक पाक्सो मृदुल मिश्र ने गुरु-शिष्य के पवित्र रिश्ते को कलंकित करने वाले शिक्षक को कठोर दंड देने की बहस की। दोनों पक्षों को सुनने के बाद अपर सत्र न्यायाधीश अखिलेश्वर प्रसाद मिश्र ने निर्णय सुनाया।

## सार-संक्षेप



प्रशिक्षण देते योग शिक्षक। अमृत विचार

### कॉमन योग प्रोटोकॉल का प्रशिक्षण दिया

**औरैया।** आयुष विभाग द्वारा 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को सफल बनाने के लिए शहर के सभी सामाजिक संस्थाओं को कॉमन योग प्रोटोकॉल का प्रशिक्षण दिया गया। यह प्रशिक्षण ब्रह्माकुमारी भवन के मुख्य हाल में ब्रह्मकुमारी संस्था की मुखिया कृष्णा व गीता साहू एवं क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉक्टर संतोष कुमार के मार्गदर्शन में दिया गया। शहर की सामाजिक संस्था ब्रह्मकुमारी, पतंजलि योगपीठ, गायत्री परिवार आदि संस्था को कॉमन योग प्रोटोकॉल का प्रशिक्षण जनपद के मास्टर ट्रेनर डॉ. शशिराज सेठ आयुष विभाग द्वारा दिया गया। प्रभारी क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ. आलोक कुमार ने बताया सभी सामाजिक संस्थाओं को प्रशिक्षण देने का उद्देश्य इन संस्थाओं से योग प्रशिक्षक तैयार करना है, जिससे जनपद में ब्लॉक व तहसील स्तर पर योग शिविर के माध्यम से अधिक से अधिक लोगों को योग से जोड़ा जा सके एवं अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को सफल बनाया जा सके।


शहीद पार्क में पौधरोपण करते नोडल अधिकारी। अमृत विचार

### दो दिवसीय दौरे पर आए नोडल अधिकारी, किया पौधरोपण

**औरैया।** विशेष सचिव, नगर विकास विभाग उ.प्र. शासन /नोडल अधिकारी महेंद्र बहादुर सिंह शुक्रवार को दो दिवसीय दौरे पर आए। उन्होंने शहीद पार्क में पहुंचकर विश्व पर्यावरण के तहत एक पेड़ मां के नाम पौधरोपण करते हुए कहा कि हम सभी के जीवन में वृक्षों की अहम भूमिका है। जिससे हमें शुद्ध वातावरण के साथ-साथ अन्य उपयोगी वस्तुएं भी प्राप्त होती हैं। इसलिए हम सभी को अधिक से अधिक वृक्षारोपण करते हुए पर्यावरण के संतुलन में पर्यावरण को शुद्ध बनाये रखने के लिए अपनी अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करना चाहिए। इस अवसर पर जिलाधिकारी डॉ. इन्द्रमणि त्रिपाठी, अपर जिलाधिकारी महेंद्र पाल सिंह, उप जिलाधिकारी सदर राकेश कुमार के अलावा ईओ मौजूद रहे।

### मां के नाम एक पौधा अवश्य लगाएं

**औरैया।** युवा खेल मंत्रालय भारत सरकार के तत्वावधान में विकासखंड बमुरीपुर ग्राम पंचायत में 5 जून शुक्रवार को विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया। अध्यक्षता ग्राम प्रधान ने की। इस अवसर पर माय भारत के उपनिदेशक अनवर वारसी ने कहा स्वास्थ्य और स्वच्छता को बनाए रखने के लिए पर्यावरण को बचाए रखना अति आवश्यक है पर्यावरण को संतुलन बनाए रखने पर ही हमारा जीवन सुनिश्चित है। इसलिए हर व्यक्ति को यह संकल्प लेना चाहिए मां के नाम एक वृक्ष अवश्य लगाएं। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही ग्राम प्रधान संजू प्रजापति ने कहा कि वृक्ष हमें स्वच्छ हवा देते है। अनावश्यक भूमि कटान को रोकते हैं। इसलिए वृक्षारोपण अति आवश्यक है योगाचार्य अजय राज ने विश्व पर्यावरण पर संबोधित करते हुए कहा इंसान का जीवन वृक्ष हैं। वर्षों का जीवन ही इंसान है यह एक दूसरे के बिना अधूरे है। इसलिए हर व्यक्ति को चाहिए की ज्यादा से ज्यादा वृक्ष लगाकर पर्यावरण को बचाए रखें ज्यादा गर्मी होना ज्यादा सर्दी कम होना वर्षा का कम होना यह सब पेड़ों की अवैध कटान के कारण हुआ अब हमें ज्यादा से ज्यादा वृक्ष लगाने का संकल्प लेना है। इस मौके पर सोनम शर्मा, सावित्री देवी, कालू प्रजापति, विमल प्रजापति, मटरू बाथम, मनजीत बाथम आदि मौजूद रहे।

### निष्क्रिय सहकारी समितियों को सक्रिय करें

**औरैया।** कलेक्ट्रेट स्थित मानस सभागार में जिला सहकारी विकास समिति की आयोजित बैठक हुई। बैठक में सहकारिता विभाग के 04, मत्स्य विभाग के 05 एवं डेयरी विभाग के 03 नई समितियों के गठन के लक्ष्य के सापेक्ष क्रमश: 02, 09 एवं 03 का गठन कराने की बात कही। जिलाधिकारी ने निष्क्रिय सहकारी समितियों को सक्रिय करने हेतु सहकारिता, मत्स्य एवं डेयरी विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने जनपद के प्रत्येक विकासखंड में एक आदर्श समिति तैयार कराने एवं इस कार्य को कराए जाने हेतु जिला कृषि अधिकारी, उपायुक्त जिला उद्योग केंद्र तथा मंडी सचिव एवं प्रत्येक विकासखंड से एक समिति व एफपीओ के साथ कमेटी गठित करते हुए कार्रवाई कराने के निर्देश दिए। बैठक में नाबार्ड अधिकारी, सहकारिता, मत्स्य सहित सम्बन्धित विभागों के जनपद स्तरीय अधिकारी आदि मौजूद रहे।

### 1.6 करोड़ से बनेगी कान्हा गौशाला, भूमि पूजन हुआ

**अछल्दा।** कस्वा स्थित आदर्श नगर पंचायत में कान्हा गौशाला बनाई जाएगी। शुक्रवार देर शाम को नगर पंचायत अध्यक्ष अरूण कुमार दुबे उर्फ रिंटू ने सभासदों के साथ भूमि पूजन कर नींव की आधार शिला रखी। नगर पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि कान्हा गौशाला वेसहारा पशु आश्रय के लिए 1 करोड़ 65 लाख रुपये से कान्हा गौशाला बनेगी जिसकी धनराशि शासन से प्राप्त हो चुकी है। जिसमें करीब 500 गोवंश की क्षमता के लिए टीन शेड, क्लीनिक, भूसा शेड, सर्वेन्ट क्वार्टर, गौशाला गेट, बाउंड्रीवाल के साथ वायो प्लांट भी लगाया जायेगा। इस दौरान सभासदों में वीरपाल, राजेश कुमार, ऋषभ दिवाकर, राधा कृष्ण, संदीप सोनी, फिरोज खान मौजूद रहे।

### गोवर्धन पूजा की लीला का किया वर्णन

**अजीतमल।** डोरी का पुरवा में श्रीमद् भागवत कथा के पंचम दिवस कथा व्यास पंडित श्याम द्विवेदी ने गोवर्धन पूजा की कथा का वर्णन किया। कहा ब्रजवासियों ने वर्षा के देवता इंद्र की पूजा छोड़कर भगवान कृष्ण के कहने पर गोवर्धन पर्वत की पूजा शुरू कर दी। इस पर इंद्र देव क्रोधित हो गए बाद में उनका घमंड प्रभु ने तोड़ा।

# खेत मालिक का आधार कार्ड लेकर उर्वरक दें

कार्यालय संवाददाता, औरैया

**अमृत विचार।** यदि किसान किसी उर्वरक विक्रेता से यह बताकर उर्वरक क्रय करता है कि वह उक्त उर्वरक का प्रयोग बटाईदार के खेत में करेगा तो ऐसी स्थिति में कृषक से खेत मालिक का आधार कार्ड लिया जाये एवं पीओएस मशीन में खेत मालिक का आधार कार्ड नम्बर एवं नाम लिखा जाये।

उर्वरक क्रय करने आये कृषक का अंगूठा लगवाकर यूरिया एवं डीएपी उर्वरक दिया जाये। रिटेलर द्वारा उर्वरक मशीन से खारिज करते समय किसान (फार्मर) एवं अन्य (अदर) का विकल्प आता है। जिला कृषि अधिकारी शैलेन्द्र कुमार वर्मा ने बताया कि बटाईदार के केस में अदर आप्शन को क्लिक करके बटाईदार का विवरण अंकित करें एवं किसान का अंगूठा लगवाएं। बटाईदार का विवरण उपलब्ध कराने के बाद ही उनकी जोत एवं फसल की संस्तुति मात्रा के अनुसार अनुदानित उर्वरक का वितरण करें। बटाईदार के नाम पर अनुदानित उर्वरक को रिटेलर द्वारा खारिज करना एवं उर्वरकों को अन्य प्रयोजन से गलत तरीके से वितरण करने का प्रकरण प्रकाश में आने पर उर्वरक आदेश 1985 तथा आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3/7 के अन्तर्गत कार्रवाई की जायेगी।

# सूने घर से जेवरात सहित 9 लाख की चोरी

संवाददाता, अजीतमल, औरैया

**अमृत विचार।** अज्ञात चोरों ने गुरुवार रात कस्बा के अयाना रोड स्थित एक घर को सूना पाकर लाखों रुपये का माल पार कर दिया। घटना के समय परिवार इकबालपुर स्थित पुराने घर गया हुआ था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने तहरीर लेकर मामले की छानबीन शुरू कर दी है।


चोरी के बाद गमगीन बैठे परिजन। अमृत विचार

अयाना थाना क्षेत्र के इकबालपुर के मूल निवासी गौरव कुमार पुत्र रामप्रकाश कस्बा के अयाना रोड पर मकान बनवाकर परिवार सहित रह रहे हैं। गौरव कस्बा में जनरल स्टोर की दुकान किए हुए है। गौरव ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि गुरुवार शाम को उनका परिवार इकबाल पुर स्थित पुराने घर गया था। रात करीब 9 बजे वो भी इकबाल पुर चले गए। जहां से सुबह 5 बजे तड़के ही वो वापस आ गया। यहां आकर उसने देखा तो मेन गेट सहित बाकी पूरे घर के ताले टूटे हुए थे। जबकि घर की अलमारियों ने रखे सोने चांदी के जेवरात, 80 हजार नकद और कुछ कीमती सामान सहित लगभग 9 लाख रुपये का सामान घर से अज्ञात चोरों ने चुरा लिया। सूचना पर सीओ अजीतमल एमपी सिंह व कोतवाल ललितेश कुमार ने मौके पर पहुंच कर जायजा लिया और चोरों को जल्द पकड़ने की बात कही।

- घटना के समय पुराने घर गये थे गृहस्वामी

दान-पुण्य | संवेदना ग्रुप प्रसादम व व्यापारियों ने स्टाल लगाकर किया वितरण

# निर्जला एकादशी पर जगह-जगह हुआ शर्बत वितरण

कार्यालय संवाददाता, औरैया

**अमृत विचार।** जिले में शुक्रवार को निर्जला एकादशी मनाई गई। इस दौरान जिले में व्यापारियों और संस्थानों ने जगह-जगह स्टॉल लगाकर शर्बत का वितरण किया।

संवेदना ग्रुप प्रसादम द्वारा निर्जला एकादशी पर शहर के सुभाष चौराहे पर संस्था के संरक्षक दिनेश गुप्ता के प्रतिष्ठान पर शर्बत, लस्सी वितरण तथा फल वितरण किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से संस्था के समस्त सहयोगियों द्वारा बढ़-चढ़कर भागीदारी की गई। संस्था के संयोजक दिनेश गुप्ता, गिरेंद्र सिंह परिहार, कपिल दुबे, किशन गुप्ता, अनुराग पांडे आदि के द्वारा उत्तम तैयारी की गयी।


फफूंद में शर्बत वितरित करते व्यापारी। अमृत विचार


फल व शीतल पेय वितरित करते संस्था के पदाधिकारी। अमृत विचार

संस्था के संरक्षक डॉ. एसएसएस परिहार, गिरमीत सिंह कालरा, दिनेश गुप्ता द्वारा वितरण प्रारम्भ कराया गया। निर्जला एकादशी का हिंदू धर्म में विशेष महत्व है इस दिन पेय पदार्थ पिलाने से असीम पुण्य की प्राप्ति होती है। नगर के प्रमुख चौराहे पर पर्याप्त मात्रा में वितरण की तैयारी की गई थी। इस दौरान गिरेंद्र परिहार, दिनेश गुप्ता, अनुराग पांडेय, योगेंद्र सिंह सेंगर, शिवम गुप्ता, राजेश सिंह राजावत, कपिल दुबे, जितेंद्र अग्निहोत्री, हेमंत पोरवाल, डॉ. राकेश गुप्ता, आमोद पाण्डेय, हेमंत पोरवाल, इंजीनियर चंद्रभान सिंह सेंगर, आशा गुप्ता, आनंद सोनी, कैप्टन जगपाल सिंह भदौरिया, राजीव कुशवाहा, राधा पोरवाल, सुरेंद्र सिंह सेंगर, किशन गुप्ता, हरिओम तिवारी, जगजीत सिंह कालरा, कुंवर सिंह चौहान, पंडित आनंद तिवारी, मानस कालरा नीरज विश्नोई, डॉ. सक्षम सेंगर आदि मौजूद रहे।

### राहगीरों को पिलाया शर्बत

**फफूंद।** कस्बा के व्यापारियों ने निर्जला एकादशी के उपलक्ष्य में व भीषण गर्मी को देखते हुए बाजार आने वाले राहगीरों को शीतल शर्बत पिलाकर उन्हें गर्मी से राहत देने का प्रयास किया। निर्जला एकादशी के उपलक्ष में शुक्रवार को नगर फफूंद के मुख्य बाजार में व्यापारी सुधीर पोरवाल उर्फ पप्पू, विष्णु पोरवाल और नाथूराम पोरवाल ने स्टाल लगाकर बाजार आने वाले सैकड़ों राहगीरों और दुकानदारों को शीतल शर्बत वितरित करके गर्मी से राहत देने का प्रयास किया। व्यापारी बोले कि गर्मी से राहत पाने के लिए ऐसे ही शीतल जल वितरित करते रहेंगे। सभी के सहयोग से हमारी सेवा हमेशा जारी रहेगी। इस मौके पर सुधीर पोरवाल, आशुतोष पोरवाल, मनोज दुबे, नाथूराम पोरवाल, विष्णु पोरवाल, दीपक अग्रवाल, छोटू राजपूत, सुरेश मिश्रा, विशाल रंजन त्रिपाठी साहित आसपास के दुकानदार मौजूद रहे।

# घरेलू विवाद में दंपति ने खाया जहर, पति की थम गईं सांसें

## कुरारा थाना क्षेत्र के बिलौटा गांव की घटना, अस्पताल में पत्नी की हालत गंभीर

संवाददाता, कुरारा

- छोटे लड़के की नशे की लत को लेकर होता था झगड़ा
- पुलिस पूरे मामले की गहराई से जांच-पड़ताल में जुटी

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के बिलौटा गांव में घरेलू कलह के चलते पति-पत्नी ने जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। हालत गंभीर होने पर परिजन दोनों को लेकर स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे, जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार करने के बाद दोनों की हालत नाजुक देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल में उपचार के दौरान पति की मौत हो गई और पत्नी का उपचार जारी है।

थाना क्षेत्र के बिलौटा गांव के रहने वाले मलखे (60) और उसकी पत्नी जानकी (58) ने गुरुवार की शाम घरेलू कलह के चलते जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। हालत बिगड़ती देखकर परिवार के लोग उपचार के लिए स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाए, जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार करने के बाद दोनों की हालत नाजुक देखकर जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। जिला अस्पताल में उपचार के दौरान पति की मौत हो गई, जबकि पत्नी का इलाज चल रहा है।

बताते हैं कि मलखे खेती-किसानी करके परिवार का भरण-पोषण करता था। उसके दो बच्चे हैं, जो गांव में ही रहकर मजदूरी करते हैं। हरौलीपुर चौकी इंचार्ज राजेंद्र प्रसाद का कहना है कि मलखे का छोटा लड़का नशे का आदी है, जिससे वह परेशान रहते थे और उसी को लेकर परिवार में अक्सर झगड़ा होता था। पता चला है कि इसी कलह को लेकर दोनों पति-पत्नी ने जहरीला पदार्थ गटक लिया। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

### किशोरी ने फंदा लगाकर की आत्महत्या

**बिवांर।** कुरहेटा चौकी के पारा गांव में एक किशोरी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पारा गांव का चुनकौना अपनी पत्नी के साथ बाहर रहकर ईंट भट्ठे में काम करता है। उसकी पुत्री रूबी (17) अपनी छोटी बहन और दादी के साथ गांव में ही रहती थी। गुरुवार देर शाम वह दादी के साथ खाना खाकर सो गई। रात में रूबी ने कमरे में दुपट्टा बल्ली में बांधकर फंदा लगा लिया। शुक्रवार सुबह दादी जब जागी तो उसे फंदे पर लटका देख शोर मचाया। रोने की आवाज सुनकर आसपास के लोग पहुंचे। परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस व फील्ड यूनिट टीम ने कमरे में खोला और जांच पड़ताल की। किशोरी के आत्महत्या करने की वजह अभी परिजन नहीं बता पा रहे हैं। चौकी प्रभारी अखिलेश प्रसाद ने बताया कि आत्महत्या का कारण स्पष्ट नहीं है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

## बेटा-बहू ने मिल कर पीटा, रिपोर्ट

**मौदहा (हमीरपुर)।** पैतृक जमीन में हिस्सा को लेकर बेटा-बहू और नाती-नातिन ने मिलकर वृद्धा को बेरहमी से मारा-पीटा। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

कस्बे के मराठीपुरा बड़ी देवी निवासी जंगली जोगी ने कोतवाली में दिए शिकायती पत्र में बताया कि उसके तीन पुत्र हैं। जिनका बटवारा वह कर चुकी है, जिनमें से बड़े पुत्र संतोष को उसकी ससुराल में जमीन दिलाकर मकान बनवा चुकी है और दो बेटे कस्बे में रहते हैं, लेकिन संतोष की पत्नी और बच्चे कस्बे के मकान में हिस्सा लेने की बात कर लड़ाई झगड़ा करते हैं। इसी के चलते संतोष, विमला, प्रशांत और प्रांशी ने मिलकर लाठी डंडे से पीटकर लहूलुहान कर दिया। जिसके चलते अस्सी साल की बुढ़िया चलने फिरने में असमर्थ है। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# व्यापारियों को बताए गए पंजीयन के फायदे

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर



मौदहा कस्बे में जीएसटी पंजीयन के बारे में जानकारी देते सहायक आयुक्त।

**अमृत विचार।** मौदहा में राज्य कर विभाग ने पंजीयन कैंप का आयोजन किया। शिविर में सहायक आयुक्त दीपक कुमार सिंह ने व्यापारियों को पंजीयन कराने के लिए प्रोत्साहित कर उन्हें जीएसटी पंजीयन के लाभ के बारे में बताया।

बताया कि व्यापारी दुर्घटना बीमा योजना के अंतर्गत जीएसटी धारक का 10 लाख का दुर्घटना बीमा भी होता है। जिसके लिए कोई बीमा किस्त नहीं देनी होती है। इसके अलावा आईटीसी का लाभ व अन्य सरकारी योजनाओं का लाभ भी जीएसटी धारक को प्राप्त होता है। उन्होंने अपंजीकृत व्यापारियों को पंजीयन लेने के लिए प्रोत्साहित किया। साथ ही पंजीयन के लिए आवश्यक प्रपत्रों के बारे में बताया गया। राज्य कर अधिकारी घनश्याम पटेल ने समाधान योजना, एसएमएस से निल का रिटर्न जमा करने की सुविधा के संबंध में भी बताया। कहा कि पंजीयन में कोई समस्या होने पर कार्यालय आकर सहायता प्राप्त कर सकते हैं। व्यापारियों को समय से रिटर्न व कर जमा करने के बारे में बताया और कहा कि यदि समय से कर जमा करेंगे तो ब्याज और अर्थदंड नहीं लगेगा। इस दौरान अध्यक्ष उद्योग व्यापार मंडल मौदहा जितेन्द्र गुप्ता, सुभान खान, नमन गुप्ता और व्यापार मंडल के पदाधिकारी व भारी संख्या में व्यापारी उपस्थित रहे।

# दो बाइकों में भिड़ंत, 6 घायल

संवाददाता, मौदहा

**अमृत विचार।** शादी समारोह में अपने गांव से मौदहा आते समय दो बाइकों में सीधी टक्कर हो गई, जिसमें दो बच्चों सहित आधा दर्जन लोगों को गंभीर चोटें आईं हैं। इनमें से दो लोगों को सदर अस्पताल के लिए रेफर किया गया है।

बिवांर थाना क्षेत्र के लदार गांव के रहने वाले मंशामराम का पुत्र दिनेश कुमार (20) अपने छोटे भाई बसंत कुमार(10), बहन संध्या (18), बड़े भाई की बेटी (भतीजी) शिखा (16) और लक्ष्मी (8) को लेकर अपनी रिश्तेदारी ललपुरा के एक वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए बाइक से मौदहा की ओर आ रहा था।

इसी दौरान भमौंरा निवासी रफी उल्लाह (30) पुत्र जबीर उल्लाह सामने से बाइक पर आया। दोनों बाइकों के बीच सीधी टक्कर हो गई, जिसमें सभी लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को एंबुलेंस से कस्बे के सरकारी अस्पताल लाया गया, जहां से बाइक चालकों रफी उल्लाह और दिनेश कुमार को गंभीर चोटें होने के कारण प्राथमिक उपचार के बाद सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। दोनों घायलों को गंभीर चोटें बताई जा रही हैं, जिन्हें भर्ती कर इलाज किया जा रहा है।



मौदहा सीएचसी में घायलों का इलाज किया गया। अमृत विचार

### एक ही बाइक पर सवार थे पांच लोग

बताते हैं कि रिश्तेदार के घर वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए दिनेश कुमार एक बाइक पर अपने साथ चार लोगों को बैठाकर निकला था। सीट से लेकर पेट्रोल की टंकी तक बच्चे बैठे थे, जिससे सामने से आई तेज रफ्तार बाइक के आगे वह अपने को संभाल नहीं सका और हादसा हो गया। थोड़ी सी लापरवाही की वजह से वह वैवाहिक कार्यक्रम में पहुंचने के बजाय घायल होकर अस्पताल पहुंच गया।

## एसओ बनकर किया फोन, 30 हजार ठगे

**मौदहा।** तीन दिन पहले गायब युवती को बरामद करने के लिए थाना प्रभारी बनकर विधवा से 30 हजार रुपये अकाउंट में डलवा लिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

सिसोलर थाना क्षेत्र के छोटालेवा निवासी गीता पत्नी स्व.संतोष कुमार की नाबालिग पुत्री कृति उर्फ काजल नकदी और जेवर लेकर तीन दिन पहले गायब हो गई। पीड़िता ने खप्टिहा कला के प्रेम पाल और हमीरपुर के प्रदीप कुशवाहा पर रिपोर्ट दर्ज कर कराई। इसके बाद पीड़िता के मोबाइल पर फोन आया। फोन करने वाले ने खन्ना थाना प्रभारी बताते हुए कहा कि लड़की एक लड़के के साथ मिली है, अगर 30 हजार रुपये दो तो कोर्ट मैरिज नहीं होने देंगे। पीड़िता ने क्यूआर कोड पर 30 हजार रुपये ट्रांसफर करवा दिए। बाद में पता चला कि वह ठगी का शिकार हो गई।

# पुलिसकर्मियों की लगवाई दौड़

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

- पुलिस अधीक्षक डॉ.दीक्षा शर्मा ने परेड का किया निरीक्षण
- पुलिस लाइन का निरीक्षण कर अभिलेख व उपकरण जांचे

**अमृत विचार।** पुलिस अधीक्षक डॉ.दीक्षा शर्मा ने शुक्रवार की परेड व पुलिस लाइन का निरीक्षण किया। पुलिस लाइन परिसर का निरीक्षण के दौरान गंदगी मिलने पर साफ सफाई पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए।

पुलिस अधीक्षक ने सबसे पहले साप्ताहिक शुक्रवार की परेड की सलामी ली। इसके साथ परेड का निरीक्षण किया गया। उन्होंने अनुशासन व एकरुपता के लिए टोलीवार ड्रिल करवाया। साथ ही शारीरिक व मानसिक रूप से फिट स्वस्थ रहने के लिए दौड़ लगवाई। परेड में शामिल समस्त पुलिसकर्मियों को साफ-सुथरी एवं स्वच्छ वर्दी धारण करने तथा नियमानुसार टर्नआउट मेंटेन करने के लिए निर्देशित किया। इसके बाद पुलिस लाइन के निरीक्षण के दौरान उन्होंने यूपी 112 पीआरवी चार पहिया वाहनों, दंगा नियंत्रण उपकरण व अभिलेखों का निरीक्षण किया तथा संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

यातायात/ वाहनों का निरीक्षण कर संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। लिस लाइन आदेश कक्ष में ओआर कर संबंधित अभिलेखों का निरीक्षण कर तथा विभिन्न विभागीय प्रकरणों का निस्तारण किया। रिजर्व पुलिस लाइन परिसर का भ्रमण कर साफ-सफाई के लिए संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस मौके पर प्रतिसार निरीक्षक और पुलिसकर्मी मौजूद रहे।



पुलिस लाइन में अभिलेख चेक करतीं एसपी डॉ.दीक्षा शर्मा। अमृत विचार

# घुड़की के बाद ठेकेदार ने शुरू कराया निर्माण

संवाददाता, सुमेरपुर

- नाला खोदकर ठेकेदार ने बंद कर दिया था निर्माण कार्य
- निर्माण शुरू होते ही दुकानदारों ने ली राहत की सांस

**अमृत विचार।** कस्बे के बस स्टॉप में बांदा तिराहे को टी आकर देकर चौड़ीकरण कराने के कार्य के लिए नाला खोदकर कार्य ठप कर देने की खबर प्रकाशित होते ही शुक्रवार को पीडब्ल्यूडी की फटकार पर ठेकेदार ने आनन फानन कार्य शुरू कराया है। इससे दुकानदारों ने राहत की सांस ली है।

पीडब्ल्यूडी कस्बे के बस स्टॉप में हाईवे से निकले बांदा मार्ग के पास टी आकार देकर निर्माण करा रहा है। विगत दिवस ठेकेदार ने बस स्टाप के पास नाला खोदकर छोड़ दिया था। इससे दुकानदार परेशान थे। उनका व्यापार ठप हो गया था। इस खबर को शुक्रवार को प्रमुखता के साथ प्रकाशित किया गया था। खबर के प्रकाशित होते ही पीडब्ल्यूडी की फटकार के बाद ठेकेदार ने तत्काल कार्य शुरू कराया है। कार्य शुरू होते ही बस स्टाप के दुकानदारों ने राहत की सांस ली है। दुकानदारों को कहना था कि कार्य ठप होने से उनका व्यापार प्रभावित हो रहा था और वह परेशान थे। कार्य शुरू होने पर सभी ने राहत की सांस ली है।



नाला निर्माण में लगे मजदूर।

# बकरीद आज, अफसरों ने देखी तैयारी

संवाददाता, मौदहा

- एडीएम और एएसपी ने मौदहा कस्बे में बारीकी से देखे इंतजाम
- प्रतिबंधित पशुओं की कुर्बानी नहीं करने की हिदायत दी गई

**अमृत विचार।** मुस्लिम समुदाय का महत्वपूर्ण त्योहार बकरीद के पहले जिले के सबसे संवेदनशील कस्बे में प्रशासनिक अधिकारियों ने भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। इसके साथ ही मुस्लिम धर्मगुरुओं से बातचीत कर आपसी सौहार्द एवं भाईचारे के साथ त्योहार मनाने की अपील की।

प्रतिबंधित पशुओं की कुर्बानी नहीं देने और कुरबानी के वीडियो सोशल मीडिया में अपलोड नहीं करने की बात कही। ईद-उल-अजहा (बकरीद) का त्योहार नमाज़ के बाद शुरू हो जाएगा और नमाज़ के बाद कुर्बानियों का सिलसिला शुरू होगा जो अगले नौ जून तक चलेगा। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व विजय शंकर तिवारी एवं अपर पुलिस अधीक्षक मनोज गुप्ता ने भारी पुलिस बल के साथ नगर भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था एवं सामूहिक कुर्बानी वाले स्थलों का निरीक्षण किया। इसके साथ ही मुस्लिम धर्मगुरुओं एवं समाजसेवियों से निर्धारित गाइड लाइन के तहत त्योहार को शांति सौहार्द एवं भाईचारे के साथ मनाने की अपील की।

कस्बे के हैदरगंज स्थित मदरसा रहमानिया एवं मदरसा यादगार मोहम्मदी हुसैनी के सामूहिक कुर्बानी स्थल का निरीक्षण कर मदरसा के जिम्मेदारों से जानकारी लेते हुए आवश्यक निर्देश दिए। आमजन से प्रतिबंधित पशुओं की कुर्बानी नहीं देने और कुर्बानी की वीडियो,फोटो सोशल मीडिया में वायरल नहीं करने की भी लोगों से अपील की। इस दौरान उपजिलाधिकारी राजकुमार गुप्ता, कोतवाली प्रभारी उमेश कुमार सिंह, लेखपाल अवनीश सहित भारी पुलिस बल मौजूद रहा।



मौदहा कस्बे में भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते अधिकारी। अमृत विचार

**किसान संतुष्ट नहीं** हस्तलिखित खतौनी में नाम के साथ गाटा संख्या और रकबा किसानों को बताया गया

# खतौनी का प्रकाशन, मांगी गईं आपत्तियां

संवाददाता, सुमेरपुर

- खतौनी में खामियों से संतुष्ट नहीं दिखे तमाम किसान
- एसडीएम बोले, आपत्तियों का किया जाएगा निस्तारण

**अमृत विचार।** नगर पंचायत के टाउन हॉल में शुक्रवार को राजस्व विभाग द्वारा तैयार की गई हस्तलिखित खतौनी का प्रकाशन किया गया। साथ ही राजस्व कर्मियों ने किसानों के नाम के साथ गाटा संख्या, रकबा आदि बताकर सभी को सुनाया गया। शनिवार से आपत्तियां मांगी गई हैं।

राजस्व विभाग ने 1378-1380 फसली (सन् 1972) को आधार वर्ष मानकर हस्तलिखित खतौनी तैयार की है। इस नवनिर्मित खतौनी में गाटा संख्या के बटे समाप्त करके एक गाटा संख्या तैयार करके किसानों के नाम दर्ज कर दिया गया है। शुक्रवार को इस नवनिर्मित खतौनी को एसडीएम सहित राजस्व अधिकारियों की मौजूदगी में प्रकाशन कर किसानों को खतौनी के गाटा संख्या, रकबा आदि को पढ़कर सुनाया, लेकिन किसान इस व्यवस्था से संतुष्ट नहीं दिख रहे हैं।

किसानों ने हस्तलिखित खतौनी को देखने के बाद इसमें आपत्ति दाखिल करने की तैयारी शुरू कर दी है। किसान दुलीचंद विश्वकर्मा, राजेंद्र निगम, राजकुमार द्विवेदी, राधेश्याम तिवारी आदि ने बताया कि इस खतौनी में बटे समाप्त किए गए हैं। उन्होंने कहा कि 1378-80 फसली के बजाय 1359 फसली की खतौनी को आधार लेकर नई खतौनी तैयार की जानी चाहिए, तभी किसानों को सही हक मिल पाएगा। 1378-80 फसली के बाद तमाम जमीन खुर्द-बुर्द की गई है। इससे किसानों को तमाम दिक्कतें होंगी।

उन्होंने कहा कि वह इस खतौनी के खिलाफ उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाएंगे, क्योंकि राजस्व विभाग का निर्णय किसानों के हित में नहीं है। खतौनी में तमाम खामियां हैं। खतौनी प्रकाशन के दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष धीरेन्द्र शिवहरे, एसडीएम सदर सुक्रमा प्रसाद विश्वकर्मा, तहसीलदार रविंद्र पाल, नायब तहसीलदार प्रदीप निगम, कानूनगो राधेश्याम, छोटेलाल, वीरेंद्र नाथ अवस्थी, लेखपाल अशोक कुमार, महेंद्र कुमार, बशीरुद्दीन, श्रीदेवी प्रसाद मौजूद रहे। एसडीएम सदर सुक्रमा प्रसाद विश्वकर्मा ने कहा कि तैयार खतौनी का प्रकाशन हुआ है। शनिवार से आपत्तियां मांगी गई हैं। आपत्तियों को जांच के बाद निस्तारित किया जाएगा। इसके बाद खतौनी का अंतिम प्रकाशन होगा।



खतौनी प्रकाशन के दौरान टाउन हाल में मौजूद किसान। अमृत विचार

## आग से गृहस्थी व बाइक जली

**सरीला।** जलालपुर थाना क्षेत्र के बंगरा गांव में शार्ट सर्किट से घर में आग लग गई। ग्रामीणों व फायर ब्रिगेड की मदद से काबू पाया गया। तब तक बाइक व गृहस्थी जलकर खाक हो गई।

बंगरा निवासी रामकिशन के बेटे मुकेश व राकेश के घर में जिस समय आग लगी, उस वक्त घर में कोई नहीं था। मुकेश की पत्नी व मां रामकुंवर मोहल्ले में एक शादी में खाना खाने गई थी। ग्रामीणों ने उन्हें सूचना दी और आग बुझाने में जुट गए। सूचना पर पुलिस व फायर ब्रिगेड पहुंची, तब आग पर काबू पाया जा सका। प्रधान रामप्रसाद ने बताया कि मुकेश दिल्ली में मजदूरी करता है। उसका भाई राकेश भी परिवार सहित 15 दिन पहले दिल्ली गया है। आग में एक बाइक, 15 क्विंटल अनाज, पांच हजार नकदी, चारपाई व कपड़ा सहित गृहस्थी का सामान जलकर खाक हो गया है। लेखपाल ने आकलन किया है।

## एक नजर

### जुड़वां पैदा हुई नौ माह की बच्ची की बुखार से मौत

**बिवांर।** कस्बे के बाला मोहल्ला निवासी तेज प्रताप वर्मा की पत्नी के दो जुड़वां बेटियां पैदा हुई थीं। 9 महीने बाद एक पुत्री को तेज बुखार आने पर परिजन इलाज के लिए गांव की एक निजी क्लीनिक में ले गए, जहां हालत नाजुक होने पर डॉक्टर ने दूसरी जगह ले जाने की सलाह दी। परिजनों ने उसे सदर अस्पताल में भर्ती कराया। तीन दिन इलाज के बाद उसकी मौत हो गई। घटना से परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। परिजनों ने उसका अंतिम संस्कार कर दिया है।

### बाइक चोरी में उन्नाव के युवक को 13 माह की कैद

**हमीरपुर।** बाइक चोरी के नौ साल पुराने मामले में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट विनय कुमार सिंह ने दोषी नौशाद को 13 माह के कैद की सजा सुनाई है। दो हजार का अर्थदंड भी लगाया है। जुर्माना अदा न करने पर अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। सदर कोतवाली पुलिस ने 26 अप्रैल 2016 को उन्नाव जिले के फतेहपुर चौरासी थाना क्षेत्र के जाजमऊ निवासी नौशाद के खिलाफ बाइक चोरी का मामला दर्ज कर कोर्ट में आरोप पत्र पेश किया था। कोर्ट ने शुक्रवार को मामले की सुनवाई करते हुए सजा सुनाई है।

### मेले में 50 अभ्यर्थियों का साक्षात्कार के बाद चयन

**हमीरपुर।** जिला सेवायोजन कार्यालय में शुक्रवार को रोजगार मेले का आयोजन हुआ। जिला रोजगार सहायता अधिकारी ने बताया कि मेले में कुल 81 अभ्यर्थी सम्मिलित हुए, जिसमें से कम्पनियों ने विभिन्न पदों के लिए कुल 50 अभ्यर्थियों का साक्षात्कार के बाद चयन किया। एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस ने 4, प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन ने 14, फ्रीडम एम्प्लोयाबिलिटी एकेडमी ने 8, अथर्व फाउंडेशन प्रालि महाराष्ट्र ने 12 एवं रामा क्वालिटी नर्सिंग सर्विस प्रालि ने 12 अभ्यर्थियों का चयन किया है।

### किशोरी की गुमशुदगी की दर्ज कराई एफआईआर

**बिवांर।** थाना क्षेत्र के एक गांव की 14 वर्षीय किशोरी के बचपन में माता-पिता की मौत के हो जाने पर चाचा ने पालन पोषण कर बड़ा किया। उसकी चाची अपने पति के साथ सब्जी की बिक्री करने के लिए बाजार चली गई। तभी मौका मिलने पर दिन के करीब 11:00 बजे गांव का अज्ञात युवक उसको बहला फुसलाकर अपने साथ भगा ले गया है। शाम को पति पत्नी दोनों घर पहुंचे तो भतीजी के गायब मिलने पर उसकी तलाश की। लेकिन कोई सुराग नहीं लग पा रहा है। चाचा ने बताया कि आठवीं कक्षा के पास कर लेने पर नवमी कक्षा में दाखिला कराया जाना था। चाचा ने भतीजी के गायब होने की तहरीर थाने में दी है। थानाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि तहरीर पर जांच की जा रही है।

### समर्थ पोर्टल से राजकीय महाविद्यालय में होंगे प्रवेश

**सुमेरपुर (हमीरपुर)।** इस वर्ष कस्बे के राजकीय महाविद्यालय में समर्थ पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन पर प्रवेश लिया जाएगा। राजकीय महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.विद्या वर्मा ने बताया कि इस वर्ष प्रवेश के लिए समर्थ पोर्टल के माध्यम से आवेदन मांगे गए है। कला संकाय में हिंदी, अंग्रेजी, राजनीति, अर्थशास्त्र, गृह विज्ञान एवं मनोविज्ञान विषय में प्रवेश ले सकते हैं। वहीं विज्ञान संकाय में गणित, भौतिकी, रसायन, जंतु एवं वनस्पति विज्ञान के अलावा वाणिज्य संकाय में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन के पोर्टल खुला हुआ है। उन्होंने बताया कि ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 10 जुलाई है।

### महिला को ससुरालियों ने पीटा, तीन लोग नामजद

**मौदहा (हमीरपुर)।** अपने मायके में रह रही महिला को ससुरालियों ने मारपीट कर लहूलुहान कर दिया। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कस्बे के बड़ा चौराहा के निकट झोपड़ी में रहने वाली जिज्जी पत्नी सूबेदार ने कोतवाली में दिए शिकायती पत्र में बताया कि उसकी ससुराल बांदा जनपद के गिरवां थानाक्षेत्र के ग्राम बड़ा बड़ोखर में है। लेकिन वह अपनी मां के साथ बड़े चौराहे पर रहती है। पीड़िता ने बताया कि बीते दिन उसका पति सूबेदार, देवर बबलू और सास सुनता आए और उसके साथ उसके पिता को भी मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### पड़ोसी के खिलाफ थाने में दी मारपीट की तहरीर

**बिवांर।** क्षेत्र के छानी बुजुर्ग गांव निवासी आशुतोष ने तहरीर देकर बताया कि गांव के युवक से बातचीत करने पर पड़ोस का युवक समीम पुत्र छोटे खां अपनी बुराई किए जाने की शक करते हुए अभद्रता कर मारपीट करने लगा। शोर गुल सुनकर मां राजाबाई ने बीच बचाव के करने किया तो उसे भी मारापीटा। पीड़ित ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। दोनों घायलों का छानी सीएचसी में डॉक्टरी परीक्षण व इलाज कराया। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

## सार-संक्षेप



समर कैंप में बच्चों को जानकारी देतीं प्रधानाध्यापिका रंजना रघुवंशी। अमृत विचार

### योगाभ्यास के साथ पर्यावरण संरक्षण का दिया गया संदेश

**सुमेरपुर (हमीरपुर)।** पारा रैपुरा के राजकीय हाईस्कूल में समर कैंप के 17वें दिन योगाभ्यास के साथ पर्यावरण संरक्षण के लिए जागरूक किया गया। प्रधानाध्यापिका रंजना रघुवंशी की निगरानी में छात्र-छात्राओं ने योग एवं व्यायाम का अभ्यास किया। इस दौरान विभिन्न गतिविधियों के साथ पर्यावरण को स्वच्छ बनाने के लिए बच्चों को जागरूक किया गया और सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग न करने के लिए प्रेरित किया। छात्र-छात्राओं ने भी अपने विचार रखे। इस मौके पर बच्चों को कपड़े के बैग, जूट के बैग, कागज के बैग और लिफाफे आदि बनाना सिखाया गया।



पं.परमानंद की प्रतिमा के पास एकत्र हुए नागरिक। अमृत विचार

### आजादी के दीवाने पंडित परमानंद की जयंती मनाई गई

**राठ।** बुंदेलखंड केसरी क्रांतिकारी पं.परमानंद की जयंती मनाई गई। पड़ाव चौराहे पर उनकी प्रतिमा पर श्रद्धासुमन अर्पित किए गए। पं.परमानंद का जन्म 6 जून 1892 को सिकरौधा गांव के कायस्थ परिवार में हुआ था। आजादी के दौरान पंडित परमानन्द ने अंडमान निकोबार द्वीप समूह की जेल में काले पानी की सजा काटी। शुक्रवार को उनकी जयंती पर नगर पालिका अध्यक्ष श्रीनिवास बुधौलिया, शिवम खरे, उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष केजी अग्रवाल, सदानंद खरे आदि ने प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस महान क्रांतिकारी को 22 भाषाओं का ज्ञान था, जिनके चलते उन्हें पंडित की उपाधि मिली। व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष केजी अग्रवाल ने कहा कि पंडित जी महामानव थे। जंगे आजादी के लिए उन्होंने संपूर्ण जीवन अर्पित कर दिया। जब देश की आजादी के लिए बाल, पाल और लाल का डंका बज रहा था, उस दौरान बुंदेलखंड के तीन क्रांतिकारी पं.परमानंद, दीवान शत्रुघन सिंह और स्वामी ब्रहमानंद दहाड़ रहे थे। शायर डा.जमील राठवी ने कहा कि पंडितजी के तेजस्वी भाषण सुन लोगों के रोंगटे खड़े हो जाते थे। लाहौर षड़यंत्र केस चला। 13 सितम्बर 1915 को पं. परमानंद को फांसी की सजा मिली। बाद में सजा काले पानी में तब्दील कर दी गई। 1 अगस्त 1937 को वह जेल से रिहा हुए। आजादी के बाद 13 अप्रैल 1982 को निधन हो गया।

### कृषि वैज्ञानिकों ने चलाया जागरुकता अभियान

**मौदहा।** ब्लाक क्षेत्र के पासुन गांव में विश्व पर्यावरण दिवस पर जल और पेड़-पौधों के संरक्षण के लिए ग्रामीणों को जागरूक किया गया। कृषि विज्ञान केंद्र कुरारा के डॉ.प्रशांत सिंह के साथ एचडीबी फाइनेंशियल सर्विसेज की टीम ने भाग लिया। गांव के प्राथमिक विद्यालय में अशोक, बोटल, पाम और गुलमोहर के पौधे लगाए गए और सफाई के साथ पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाई गई। डॉ. प्रशांत ने फल एवं सब्जी की खेती से पर्यावरण के सुधार की बात कही। संचालन बायफ के सीके गुप्ता ने किया समापन कृषि अधिकारी मुकुंद नारायण ओझा ने किया। इस मौके पर यहां ज्ञान सिंह, आशीष कुमार, दिलीप कुमार, बृजेश पाल, रमेश कुशवाहा, रामबाबू निषाद और कुंवर बहादुर आदि ग्रामीण उपस्थित रहे।

# सड़क हादसों में एक की मौत, 12 लोग घायल

## डंपर ने मारी टक्कर, ट्रैक्टर-ट्राली हुई दुर्घटनाग्रस्त, तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने ले ली अधेड़ की जान

संवाददाता, पहाड़ी (चित्रकूट)

**अमृत विचार।** अज्ञात वाहन की टक्कर से सड़क पर पैदल चल रहे अधेड़ की जान चली गई। उधर, ट्रैक्टर को डंपर की टक्कर से ट्राली में सवार 12 लोग घायल हो गए। इनमें छह की हालत गंभीर बताई गई है। घायलों में चार बच्चे और छह महिलाएं शामिल हैं।

ट्रैक्टर ट्राली और मालवाहक वाहनों में सवारियां ढोने का सिलसिला थम नहीं रहा। प्रशासन और पुलिस की तमाम कोशिशों और निर्देशों के बाद भी ग्रामीण ट्रैक्टर ट्राली में सफर कर रहे हैं। जानकारी के अनुसार, गुरुवार को एक ट्राली समेत ट्रैक्टर पलटने से पांच लोग घायल हो गए थे। शुक्रवार को भी एक दुर्घटना हो गई, जिसमें 12 लोग घायल हो गए। जानकारी के मुताबिक, थाना पहाड़ी अंतर्गत परसौंजा निवासी संजय यादव अपने पुत्र मनीष का दहिनवारा कराने ट्रैक्टर ट्राली में रिश्तेदारों को बिठाकर अपनी ससुराल कलवारा बुजुर्ग गया था। कार्यक्रम संपन्न होने के पश्चात शुक्रवार की दोपहर लगभग बारह बजे सभी लोग फिर टैक्टर से गांव लौट रहे थे। टैक्टर कुचारम मोड़ के पास पहुंचा था कि तभी बिसंडा की ओर से आ रहे तेज रफ्तार डंपर ने टक्कर मार दी, जिससे ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गया। इस पर सवार कैरा (65) पुत्र रजवा, लक्ष्मी (60) पत्नी रामसजीवन, चुनबद्दी (70) पत्नी गयाप्रसाद, विद्या (40) पत्नी रामप्रकाश, अनिरुद्ध (15) पुत्र केशव, गुड़िया (30) पत्नी संजय, विमला (13) पुत्री बुधराज निवासी परसौंजा, गुड़िया (36) पत्नी विद्यासागर, धर्मवीर (10) पुत्र विद्यासागर, हेमंत (13) पुत्र विद्यासागर निवासी दलपापुरवा थाना कमासिन (बांदा), गनेशिया (55) पत्नी राजकुमार, मुन्नी (60) पत्नी कालीचरण निवासी बेर्राव का पुरवा थाना कमासिन (बांदा) घायल हो गए। दुर्घटना की सूचना पर थानाध्यक्ष पहाड़ी पंकज तिवारी, सब इंस्पेक्टर मनीष कुमार मौके पर पहुंचे और सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहाड़ी भेजा। प्राथमिक उपचार के बाद छह लोगों को जिला चिकित्सालय रिफर किया गया। डंपर का चालक मौके पर डंपर छोड़कर भाग गया। अपर पुलिस अधीक्षक सत्यपाल सिंह, क्षेत्राधिकारी राजापुर जयकरन सिंह ने भी घटनास्थल जाकर दुर्घटना की जानकारी ली।


अस्पताल में भर्ती दुर्घटना में घायल महिलाएं। अमृत विचार


घटनास्थल में जानकारी लेने पहुंचे एएसपी सत्यपाल सिंह। अमृत विचार

**पैदल जा रहा था अधेड़ आ गई मौत :** थाना पहाड़ी अंतर्गत ग्राम पंचायत बाबूपुर के मजरा जरिहा निवासी रामआसरे (50) पुत्र भोंडा शुक्रवार को गृहस्थी का खरीदने के लिए गांव से बाबूपुर होते हुए पैदल पहाड़ी आ रहा था।

पहाड़ी-कर्वी मार्ग स्थित पांडेय ढाबा के पास कर्वी की ओर से आ रहे तेज रफ्तार वाहन ने उसे टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। एसओ पंकज तिवारी, सब इंस्पेक्टर मनीष कुमार ने घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा, जहां डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पत्नी माया देवी का रो रोकर बुरा हाल हो गया। उसके तीन पुत्र, दो पुत्रियां हैं। रामआसरे मजदूरी कर जीवनयापन करता था।


इस तरह पलटी ट्रैक्टर-ट्राली।

# कुर्बानी के अवशेषों को सुरक्षित स्थान में दफनाने के दिए निर्देश

- बकरीद की पूर्व संध्या पर किया मुआयना
- कुर्बानी देने वाले लोगों के घरों में काला बैग उपलब्ध कराएं

संवाददाता, राजापुर (चित्रकूट)

**अमृत विचार।** ईद उल अजहा की पूर्व संध्या पर शुक्रवार को उप जिलाधिकारी रामऋषि रमन ने कस्बे तथा ग्रामीण क्षेत्रों में मस्जिदों तथा कुर्बानी स्थलों का निरीक्षण किया। मुस्लिम समाज के लोगों को कुर्बानी के अवशेषों को सुरक्षित स्थान में दफनाने के निर्देश दिए।

उप जिलाधिकारी ने बताया कि रायपुर, कलवलिया, सुरवल, चांदी, छींबो, गढ़वारा, सुरसेन आदि में भ्रमण किया। कहा गया कि प्रतिबंधित जानवरों की कुर्बानी नहीं दी जाएगी और सूचना मिलने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि जिलाधिकारी के निर्देश पर नगर क्षेत्र में होने वाली कुर्बानियों के संबंध में नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी बालकृष्ण गौतम को निर्देशित किया गया है कि कुर्बानी देने वाले लोगों के घरों में काला बैग उपलब्ध करा दें, जिससे अपशिष्टों को सुरक्षित स्थानों में लोग दफना सकें। थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया है कि नमाज के समय मस्जिदों, ईदगाहों में पुलिस बल तैनात किया जाए।


गांव में मुस्लिम समाज के लोगों से बात करते एसडीएम रामऋषि रमन।

**आनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ी**

**चित्रकूट।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान मानिकपुर में राजकीय/निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में संचालित व्यवसायों में प्रशिक्षण के लिए आनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ाई गई है। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान मानिकपुर के प्रधानाचार्य जितेंद्र कुमार शुक्ला ने बताया कि राजकीय/निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में संचालित व्यवसायों में प्रशिक्षण के लिए आनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि अब 22 जून तक के लिए बढ़ा दी गई है। इच्छुक अभ्यर्थी निर्धारित तिथि तक आनलाइन आवेदन कर सकते हैं।


मालवाहक वाहनों की जांच करते टीआई शैलेंद्र सिंह। अमृत विचार

# सवारी बैठाने पर 23 मालवाहक वाहनों पर 2.6 लाख का जुर्माना

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट

**अमृत विचार।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर यातायात प्रभारी शैलेंद्र सिंह ने शुक्रवार को मालवाहक वाहनों और ट्रैक्टर ट्रालियों की जांच का अभियान चलाया। प्रभारी यातायात व उनकी टीम ने मालवाहक वाहनों (ट्रैक्टर-ट्राली, पिकअप, लोडर आदि) से तीर्थयात्रा करा रहे 23 वाहनों के विरुद्ध प्रवर्तन कार्रवाई कर 2,60,500 रुपये अर्थदंड लगाया। 13 ड्राइविंग लाइसेंस जब्त कर सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी को भेजे गए।

# आवास का लाभ दिलाने को बेजा शर्त

- विधवा ने परियोजना निदेशक को पत्र भेज की शिकायत
- परियोजना निदेशक ने खंड विकास अधिकारी को सौंपी जांच

संवाददाता, रामनगर (चित्रकूट)

**अमृत विचार।** अगर यह बात सच है तो बड़ी दुर्भाग्यपूर्ण और घिनौनी। एक विधवा महिला ने अपने पड़ोसी पर आरोप लगाया है कि उसने आवास दिलाने के नाम पर शारीरिक संबंध बनाने की शर्त रखी है। उसका आरोप है कि ग्राम प्रधान का कहना है कि जब यह व्यक्ति कहेगा तब ही उसे आवास से लाभान्वित किया जाएगा। उसने इस संबंध में परियोजना निदेशक जिला ग्राम्य विकास अभिकरण को शिकायती पत्र भेजा है। पीडी ने बीडीओ को जांच के निर्देश दिए हैं।

मामला रामनगर के एक गांव का है। यहां की निवासी 33 वर्षीया महिला ने परियोजना निदेशक जिला ग्राम्य विकास अभिकरण को पत्र लिखा है। उसने बताया है कि उसके पति की कई साल पहले मौत हो चुकी है। वह अपने दो छोटे बच्चों के साथ कच्चे घर में पन्नी डालकर किसी तरह गुजर बसर कर रही है। उसने बताया कि उसने कई बार ग्राम प्रधान से आवास योजना के तहत लाभ देने की गुहार की। इस पर ग्राम प्रधान ने कहा कि उसने इस गांव की जिम्मेदारी एक ग्रामीण को दे रखी है।

महिला का कहना है कि यह ग्रामीण उसका पड़ोसी है। जब उसने उससे गरीबी और लाचारी पर तरस खाने की गुहार की तो उसने पहले तो हीलाहवाली की और फिर कहा कि 15 सौ रुपये दो और साथ ही मेरे साथ शारीरिक संबंध बनाने पड़ेंगे। महिला का यह भी आरोप है कि आरोपी ने कहा कि आवास मिलने के बाद 10 हजार रुपये और देने पड़ेंगे। उसने बताया कि उसने इसकी जानकारी ग्राम प्रधान को दी और कई जगह शिकायत की पर कुछ नहीं हुआ। परियोजना निदेशक सच्चिदानंद प्रसाद ने मामले की जांच बीडीओ को सौंपी है। बीडीओ रामनगर वसीम निजामी खां के मीटिंग में व्यस्त होने की वजह से उनसे बात नहीं हो सकी।

**सचिव बोले मामले की जानकारी नहीं**

जब ग्राम प्रधान से बात करने का प्रयास किया गया तो मोबाइल स्विच ऑफ़ बताता रहा। सचिव सुरेश कुमार ने बताया कि वह उस महिला को तो नहीं जानते पर इतना कह सकते हैं कि यह जॉबकार्ड धारक है और पात्र होने के कारण आवास सूची में इनका नाम सम्मिलित किया जा चुका है। उन्होंने आरोपों पर कुछ भी कहने से इंकार कर दिया। उधर बीडीओ रामनगर वसीम निजामी खां के अवकाश में होने की वजह से उनसे संपर्क नहीं हो सका।

# जल्द हो सकता है हत्याकांड का खुलासा, तीन टीमें लगीं

- सुहेल बराछी में वृद्धा की हत्या का मामला

संवाददाता, रामनगर (चित्रकूट)

**अमृत विचार।** विकास खंड रामनगर व मऊ थाना क्षेत्र अंतर्गत सुहेल बराछी गांव में बुधवार को ट्यूबवेल पर हुई वृद्धा के हत्या मामले में पुलिस खुलासे के करीब है। पुलिस की तीन टीमें इस मामले के खुलासे के लिए लगाई गई हैं। पुलिस सूत्रों की मानें तो जल्द ही इसका खुलासा हो जाएगा।

बताया जाता है कि पुलिस की जांच का ज्यादा फोकस यह पता करने में है कि आखिर जब इस परिवार का किसी से विवाद नहीं था तो फिर इतनी बेरहमी से वृद्धा को क्यों मारा गया। मृतका के पारिवारिक मामलों को भी खंगाला जा रहा है। गौरतलब है कि बुधवार को सुहेल निवासी लल्लू निषाद की पत्नी रानी देवी की ट्यूबवेल में धारदार हथियार से हत्या कर दी गई थी। पुलिस को मौके से खून लगा ताला-चाबी एवं हंसिया बरामद हुआ है। ट्यूबवेल में लल्लू एवं उसकी पत्नी रानी अकेले रहते थे। उस दिन लल्लू घर चला गया था। रानी अकेली थी। अपराह्न लगभग 11 बजे बड़ी बहू सरिता सास को खाना देने गई थी। शाम को फिर सरिता और छोटा बेटा राम सिंह वहां पहुंचने पर रानी का खून से लथपथ शव देखा। इस ब्लाइंड मर्डर के खुलासे के लिए पुलिस तेजी से सक्रिय है। हालांकि सूत्र यह भी दावा करते हैं कि जल्द ही इसका खुलासा हो जाएगा। सूत्रों के अनुसार कुछ संदिग्धों को पुलिस ने पूछताछ के लिए गांव से बीते दिन ही उठा लिया है।

# पुलिस अधीक्षक ने की विवेचकों की समीक्षा

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने शुक्रवार की परेड की सलामी ली, पुलिस लाइन का भ्रमण किया। बाद में उन्होंने विवेचकों के कामों की समीक्षा की। एसपी ने परेड निरीक्षण के दौरान सभी टोलियों की ड्रिल देखी व आवश्यक सुधार के लिए प्रतिसार निरीक्षक को निर्देशित किया। बाद में पुलिस अधीक्षक ने परिवहन शाखा में वाहनों का निरीक्षण कर प्रभारी परिवहन शाखा को इनकी मरम्मत के लिए कहा। दिए। डायल 112 कार्यालय,आवास परिसर,आरक्षी बैरिक,आरटीसी बैरिक, सीपीसी कैंटीन,मंदिर,भोजनालय, नवनिर्मित भवनों, आर्मरी का निरीक्षण किया व सफाई के निर्देश दिए। इस दौरान पुलिस उपाधीक्षक अरविंद कुमार वर्मा,प्रतिसार निरीक्षक शिवनारायण, पीआरओ प्रदीप पाल आदि मौजूद रहे।

# भाजपा सरकार ने देशहित में लिए निर्णय

- केंद्र सरकार के 11 साल पूरे होने पर हुई कार्यशाला

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट

**अमृत विचार।** भाजपा सरकार के 11 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में जिला पंचायत सभागार में शुक्रवार को जिला इकाई की कार्यशाला हुई। इसमें कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष, जिला प्रभारी अनिल यादव ने कहा कि 11 सालों में भाजपा सरकार ने देशहित में कई ऐतिहासिक निर्णय लिए।

उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने देश में सुशासन का राज स्थापित किया। बिना भेदभाव के जनकल्याण की कई योजनाएं चलाईं, जिनका सीधा लाभ जनता को मिला। वर्षों से चले आ रहे कई विवादों को खत्म किया गया। देश ही नहीं दुनिया में भारत का मान बढ़ा है। प्रधानमंत्री की दृढ़ इच्छाशक्ति और मजबूत निर्माण लेने की क्षमता ने पाकिस्तान को घुटनों में ला दिया। बताया कि इन सभी विषयों पर यह कार्यशाला आयोजित की गई है और शक्ति केंद्र स्तर पर विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम किए जाएंगे। जिलाध्यक्ष महेंद्र कोटार्य ने कहा कि केंद्र सरकार की उपलब्धियों को आम आदमी तक पहुंचाने के लिए नौ जून से 21 जून तक प्रदेशव्यापी अभियान चलेगा। जिला व मंडल स्तर पर टोली बनाई जाएगी। प्रदर्शनी लगाई जाएगी। कार्यशाला का संचालन जिला महामंत्री अश्विनी अवस्थी ने किया। इस मौके पर राजेश जायसवाल, हरिओम करवरिया,पंकज अग्रवाल, बृजेश पांडेय, विपुल प्रताप सिंह, आनंद पटेल, मनोज तिवारी, हीरो मिश्रा, बाबूलाल पटेल, प्रेमलाल बाल्मीकि, पप्पू पाल, धीरेंद्र सेंगर, राजेश्वरी द्विवेदी, रवि गुप्ता, राकेश कोल, ओमप्रकाश मिश्र मौजूद रहे।



**अनियमितता का आरोप**

चित्रकूट के सकरौंहा गांव निवासी राजनारायण कुशवाहा ने मानिकपुर के पाठा क्षेत्र में लघु सिंचाई विभाग पर कूप निर्माण में अनियमितता के आरोप लगाए हैं। उसका कहना है कि अधिकांश कूपों में घटिया मटेरियल लगाया जा रहा है। कुछ काम करवाकर ठेकेदार व अधिकारी अपने आप को किनारे कर लेते हैं और फिर किसानों को भटकना पड़ता है। ● अमृत विचार

# गांवों में बैठक कर सभी वर्गों को कांग्रेस से जोड़ेंगे

- संगठन सृजन अभियान के तहत बैठक में बोले, कांग्रेस के जिलाध्यक्ष

संवाददाता, मानिकपुर (चित्रकूट)

**अमृत विचार।** कांग्रेस के संगठन सृजन अभियान के तहत शुक्रवार को मानिकपुर में बैठक हुई। जिलाध्यक्ष कुशल सिंह पटेल एडवोकेट ने कहा कि राहुल गांधी के संदेश को जन-जन तक पहुंचाएंगे और सभी वर्गों को पार्टी से जोड़ेंगे।

उन्होंने कहा कि जिस तरह से आज देश में महंगाई, बेरोजगारी चरम पर है और सत्ता पक्ष धर्म की राजनीति कर जनता को ठगने का काम कर रहा है। लोगों को इसके बारे में बताया जाएगा। कांग्रेस पार्टी गांवों में नए सिरे से संगठन को मजबूत करेगी। पीसीसी सदस्य रंजना पांडेय ने कहा कि मानिकपुर विधानसभा क्षेत्र के गांवों में बैठक कर पार्टी को मजबूत किया जाएगा। आज किसान, मजदूर, व्यापारी को परेशान किया जा रहा है। अधिकारी निरंकुश हुए जा रहे हैं। प्रशासन की हिटलरशाही चल रही है।

जनता जब न्याय की बात करती है तो पुलिस के दम पर आवाज दबाई जा रही है। चित्रकूट में जनता बिजली,पानी की समस्या से जूझ रही है लेकिन कोई ध्यान देने वाला नहीं है। अतुल राजपूत ने सभी का आभार जताया। बैठक में प्रशांत गुप्ता, कुलदीप द्विवेदी, सोनम राजपूत, कुलदीप वर्मा, रमेश रावत, शिवकुमार, लवलेश नामदेव, छेदीलाल कोल, नौशाद खान आदि मौजूद रहे।

**पहल** उप्र और मप्र के अधिकारियों ने की महत्वपूर्ण बैठक

# मंदाकिनी का अस्तित्व बचाने को बनेगी संयुक्त कार्ययोजना

संवाददाता, सीतापुर (चित्रकूट)

**अमृत विचार।** तीर्थक्षेत्र में मंदाकिनी नदी और कामदगिरि का अस्तित्व बचाने के लिए शुक्रवार को उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश के अधिकारियों की महत्वपूर्ण बैठक हुई। इसमें मंडलायुक्त संभाग रीवा बीएस जामोद ने कहा कि मंदाकिनी और कामदगिरि के पुनर्जीवन के लिए मिलकर एक कार्ययोजना बनाई जाएगी।

महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय में हुई बैठक में कमिश्नर रीवा ने कहा कि मंदाकिनी व कामदगिरि दोनों प्रदेशों की पहचान है। इनकी प्राकृतिक पहचान बनी रहे, इस पर वैज्ञानिक रूप से विचार विमर्श करने की जरूरत है । नदी में गिरने वाले नालों में कितने मप्र और उप्र के हैं, कितनी जमीन वन विभाग की है, कितने पर सघन वन है, कितनी भूमि राजस्व की है, इन सब बिंदुओं के आधार पर कार्ययोजना बनाकर काम करेंगे, तभी हम इन दोनों धार्मिक स्थलों को पुनर्जीवित कर सकते हैं। उन्होंने बरसात के पानी को रोकने की भी आवश्यकता बताई। मंडलायुक्त ने कहा कि मंदाकिनी नदी के किनारे के होटलों का सीवेज नदी में जाता है। उनसे भी वार्ता की जाए। मंदाकिनी की सफाई के लिए सभी को जागरूक करने की आवश्यकता है। जिलाधिकारी सतना डा. सतीश कुमार एस ने कहा कि संबंधित विभागों की कार्ययोजना पर जल्द मीटिंग कराई जाएगी। इस मौके पर दोनों जिलों के अधिकारी मौजूद रहे।

**आईटीआई को भेजा गया पत्र :** अधिशासी अभियंता सिंचाई एवं जल संसाधन एसके प्रसाद ने बताया कि नदी की सफाई के लिए एस्टीमेट बनाकर शासन को भेजा गया है। उन्होंने बताया कि नदी में काई की तरह के जल पौधों के संबंध में शोध के लिए आईआईटी रुड़की को पत्र भेजा गया है। रिपोर्ट आते ही इनकी सफाई की जाएगी ।अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद लालजी ने बताया कि नगर पालिका के अंतर्गत 10 नाले पड़ते हैं।


बैठक में मौजूद रीवा कमिश्नर, चित्रकूट और सतना के जिलाधिकारी और अन्य अधिकारी। अमृत विचार

**नदी के किनारे किया जाएगा पौधरोपण**

- जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने बताया कि सभी विभागों को मंदाकिनी के किनारे पौधरोपण का लक्ष्य दिया गया है। कुल एक लाख 61 हजार पौधे लगाए जाएंगे। अब तक लगभग 60 हजार गड्ढे खोदे गए हैं और सात बड़े स्पाट चिह्नित किए गए हैं। पिछले वर्ष 35 ग्राम वन बनाए गए थे और इस वर्ष 29 नए बनाए जा रहे हैं। प्रभागीय वनाधिकारी सतना ने बताया कि नदी किनारे दो लाख 75 हजार पौधे लगाए जाएंगे।

# सीएम पोर्टल की शिकायत रद्दी में

**हमीरपुर।** सदर क्षेत्र के कनौटा मौजा दरिया में खेतों पर मौरंग के अवैध खनन की सीएम पोर्टल में की गई शिकायत को अफसरों ने रद्दी की टोकरी में डलवा दी।

अंबेडकर नगर नौबस्ता के अजय कुमार, रामेश्वर ने बताया कि मई में उन्होंने सीएम पोर्टल में कनौटा दरिया की कृषि योग्य भूमि पर मौरंग माफिया के अवैध खनन का विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दिए जाने की शिकायत की थी। सीएम कार्यालय से अधिकारियों को जांच कर कार्रवाई करने के आदेश दिए गए थे, लेकिन आरोपी माफिया को जांच करने वाले अधिकारियों ने बुलाकर सुविधा शुल्क ले लिया और उन्हीं के पक्ष में रिपोर्ट लगाकर रद्दी की टोकरी में डाल दी, जिससे दबंगों के हौसले बुलंद हैं और पीड़ित किसानों में दहशत है। पीड़ित किसानों ने सीएम पोर्टल में पुनः शिकायती पत्र भेजकर जांच कराने व दबंगों से सुरक्षा की मांग की है।

www.amritvichar.com पर भी खबरें पढ़ें

**दिलीप सिंह एजुकेशनल ट्रस्ट**
229/3 जयन्तीपुर, प्रीतम नगर– प्रयागराज, मो0: 9838267878

दिनांक: 05/06/2025

**सूचना**

सम्बन्धित पत्रकार साथियों को सूचित किया जाता है कि दिलीप सिंह एजुकेशनल ट्रस्ट हेड आफिस 229/3 जयंतीपुर प्रीतम नगर प्रयागराज की बोर्ड ऑफ ट्रस्ट की बैठक कार्यालय में 25/05/2025 को आहूत की गयी। बैठक में ट्रस्ट के उत्थान पर चर्चा की गई। बैठक में ट्रस्ट के उत्थान पर चर्चा की गई एवं उपस्थित सदस्यों एवं अध्यक्ष (चेयरमैन) महोदय में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि ट्रस्ट में नये सदस्य जोड़े जायें, जिस पर ट्रस्ट उत्थान कर सके। सर्वसम्मति से निम्न पदाधिकारी चयनित किये गये:–

1– आशीष सिंह पटेल पुत्र श्री लल्लू सिंह पटेल (चेयरमैन) कनपुरवा, खखरेरू, फतेहपुर, उ0प्र0।
2– दिनेश कुमार सिंह पुत्र श्री जगत पाल सिंह (उपचेयरमैन) कनपुरवा, खखरेरू, फतेहपुर, उ0प्र0।

नव निर्वाचित पदाधिकारीगण–

3– देवेन्द्र बहादुर सिंह पुत्र श्री लल्लू सिंह (कोषाध्यक्ष) 229/3 प्रीतम नगर, सुलेम सराय, प्रयागराज।
4– कन्हैया लाल सिंह पुत्र स्व0 रामरूप सिंह (सचिव) ग्रा0 पो0 कुल्ली, खखरेरू, फतेहपुर, उ0प्र0।
5– अजय सिंह पुत्र स्व0 हरिशचन्द्र सिंह (सदस्य) कनपुरवा, खखरेरू फतेहपुर, उ0प्र0।

उपरोक्त पदाधिकारी सर्व सम्मति से निर्विवाद रूप से चयनित किये गये हैं।

चेयरमैन

